# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 255 । भोपाल, शुक्रवार 15 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए



विधायक की नाराजगी के बाद शुरू हुआ सड़क की मरम्मत का कार्य — पृष्ठ 2

- आखिर ये किनके नेता हैं?
- जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक — पृष्ठ 4

- कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण — पृष्ठ 6

8 दिन में ओपीडी में आए 5 हजार 466 मरीज — पृष्ठ 7


### प्रधानमंत्री मोदी ने बीना में 51 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया, बोले-

# विकास की नई ऊंचाईयां छू रहा मध्यप्रदेश

## जी-20 के आयोजन की सफलता में मध्यप्रदेश का अहम योगदान

**सागर/भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि आगामी 5 वर्षों में मध्यप्रदेश विकास की बुलंदियां छुएगा। यहां 51 करोड़ की लागत की औद्योगिक परियोजनों के शिलान्यास से बुंदेलखण्ड और मध्यप्रदेश की तकदीर बदल जाएगी। केन्द्र सरकार मध्यप्रदेश में नई परियोजनाओं पर 50 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च करेगी। ये परियोजनाएं गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के सपनों को सच करेंगी। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की टॉप 3 अर्थ-व्यवस्था में लाना हमारा लक्ष्य है जिसकी ओर हम तेजी से बढ़ रहे हैं। इस लक्ष्य को पूरा करने में मध्यप्रदेश की बड़ी भूमिका होगी। प्रधानमंत्री आज बीना रिफाइनरी परिसर में नवीन औद्योगिक परियोजनाओं के शिलान्यास अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित कर रहे थे।

श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश जो कभी देश के खस्ताहाल राज्यों में शामिल था, आज विकास की नई ऊँचाई छू रहा है। केन-बेतवा लिंक परियोजना से बुंदेलखण्ड क्षेत्र को अत्यधिक लाभ होगा। आने वाली पीढ़ियां भी इससे लाभान्वित होंगी। देश में आने वाले 4 वर्षों में 10 करोड़ नए परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराया जाएगा। प्रदेश में भी 65 लाख परिवारों को नल से जल दिलवाया जा रहा है। अटल भू-जल योजना पर भी कार्य हो रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को देश में रानी दुर्गावती की 5 सौ वीं जयंती धूम-धाम से मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि जी-20 की सफलता से आज पूरे विश्व में भारत का मस्तक ऊंचा हुआ है। गांव-गांव के बच्चे की जुबान पर जी-20 का नाम है। जी-20 की सफलता का श्रेय मोदी को नहीं बल्कि देश की 140 करोड़ जनता को जाता है। जी-20 की बैठकों का सफल आयोजन भोपाल, इंदौर और खजुराहो में भी किया गया। जी-20 के सफल आयोजन में मध्यप्रदेश की महत्वपूर्ण भूमिका रही है और इसके लिये मैं शिवराज की टीम-मध्यप्रदेश की प्रशंसा करता हूँ। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज बीना में पेट्रो-केमिकल इकाई का शिलान्यास इस क्षेत्र में भारत को आत्म-निर्भर बनाने में सहायक होगा। अभी भारत को डीजल, पेट्रोल और अन्य पेट्रो-केमिकल सामग्री के लिए दूसरे देशों पर निर्भर रहना होता है। इन परियोजनाओं से पूरे क्षेत्र को विकास की नई ऊँचाई मिलेगी, नए उद्योग आएंगे और किसान, छोटे उद्यमी और बड़ी संख्या में नौजवानों को रोजगार मिलेगा।



श्री मोदी ने कहा कि जनता की सेवा, मोदी की गारंटी है और उसे निरंतर पूरा किया जा रहा है। हमने सबको पक्के घर, घर-घर शौचालय, सबको भोजन, नि:शुल्क इलाज, सबके बैंक खाते, हर बहन को गैस कनेक्शन की गारंटी दी और उसे पूरा किया। देश में 40 लाख परिवारों को पक्के घर दिए गए हैं। उज्वला योजना में बहनों को गैस कनेक्शन देकर धुएं से मुक्ति दिलाई गई है। रक्षाबंधन पर गैस सिलेंडर की कीमत 2 सौ रुपए कम की गई है। अब केन्द्र सरकार ने निर्णय लिया है कि 75 लाख और बहनों को मुफ्त गैस कनेक्शन दिए जाएंगे।

### *इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास*

*प्रधानमंत्री ने 51 हजार करोड़ रुपये की औद्योगिक परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इनमें बीना रिफाइनरी परिसर में 49 हजार करोड़ रूपये की लागत से पेट्रो-केमिकल कॉम्पलेक्स और मध्यप्रदेश के विभिन्न स्थानों पर 18 सौ करोड़ रूपये की लागत की 10 नई औद्योगिक परियोजनाएं शामिल हैं। नर्मदापुरम् में नवकरणीय ऊर्जा जोन, इंदौर में 2 आईटी पार्क, रतलाम में मेगा इंडस्ट्रियल पार्क और 6 शहरों शाजापुर, गुना, मंदसौर, आगर-मालवा, नर्मदापुरम् और मक्सी में नए औद्योगिक केन्द्र विकसित किए जाएंगे।*

### *औद्योगिक विकास के लिए टीम शिवराज को दी बधाई*

*श्री मोदी ने कहा कि केन्द्र और राज्य की डबल इंजन सरकार ने पूरी ईमानदारी से मध्यप्रदेश का भाग्य बदलने का कार्य किया है। पहले सड़क, पानी और बिजली जैसी मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। आज हर क्षेत्र में विकास हो रहा है। मध्यप्रदेश तेज गति से औद्योगिक विकास कर रहा है। इसके लिए यहां की जनता, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और उनकी पूरी टीम बधाई की पात्र है।*

### निवेश से बदल जाएगी बुंदेलखण्ड की तकदीर : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि पिछली सरकार ने बुंदेलखंड को पिछड़ा रखा था। प्रधानमंत्री मोदी की पहल पर यहां हो रहे 50 हजार करोड़ के निवेश से बुंदेलखंड की तस्वीर और यहां के निवासियों की तकदीर बदल जाएगी। बीना रिफाइनरी, एथिलीन क्रेकर परियोजना और प्रदेश के 10 प्रमुख औद्योगिक पार्कों से युवाओं के लिए लाखों रोजगार के अवसर सृजित होंगे, इन सौगातों के लिए प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार। उन्होंने कहा कि केन-बेतवा परियोजना मंजूर हो गई है। इससे 20 लाख एकड़ में सिंचाई होगी और बुंदेलखंड के लोगों का जीवन बदल जाएगा। श्री चौहान ने श्री मोदी को केन-बेतवा परियोजना के भूमि पूजन का आमंत्रण दिया।

### प्रधानमंत्री के प्रयासों से घटे डीजल पेट्रोल के दाम : पुरी

केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयासों का ही परिणाम है कि विश्व के दूसरे देशों में पेट्रोल- डीजल के दाम बढ़े लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल के भाव कम हुए। देश में सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी में भी कमी आई है। जिन राज्यों में डबल इंजन की सरकारें है, वहां वैट टैक्स भी कम हुआ है। केंद्रीय मंत्री ने 2014 के बाद मध्यप्रदेश में हुई प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि 2014 में प्रदेश में जहां 2854 पेट्रोल पंप थे, वहीं 2023 में बढ़कर 5938 हो गए।

## खुली जीप में किया जनदर्शन



बीना रिफाइनरी परिसर में पेट्रो केमिकल काम्पलेक्स के भव्य शिलान्यास कार्यक्रम और जनसभा स्थल पहुंचने पर प्रधानमंत्री श्री मोदी जनता के बीच खुली जीप में पहुंचे। लगभग बीस मिनट के जनदर्शन में उनके साथ मुख्यमंत्री श्री चौहान और सांसद वीडी शर्मा भी थे। श्री मोदी को अपने बीच पाकर मौजूद जनता ने उत्साह, उमंग और हर्ष से स्वागत किया। श्री मोदी ने भी जनता का अभिवादन स्वीकार किया। जनसभा में विशाल संख्या में उपस्थित जनता के बीच प्रधानमंत्री के वाहन के लिए मार्ग बनाया गया था। जिस स्थान से प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का वाहन निकला, उस स्थान पर मौजूद लोग इस दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरे में कैद कर रहे थे। केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री वीरेंद्र कुमार, केंद्रीय जल शक्ति नियोजन राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल, जिले के प्रभारी और प्रदेश के सहकारिता और लोक सेवा प्रबंधन मंत्री डॉ. अरविंद सिंह भदौरिया, लोक निर्माण मंत्री गोपाल भार्गव, नगरीय विकास मंत्री भूपेंद्र सिंह, राजस्व एवं परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत, सांसद व्ही.डी. शर्मा और राजबहादुर सिंह सहित विधायक और जन-प्रतिनिधि मौजूद थे।

## सार-समाचार

### भारतीय वायुसेना का एयर शो आज से जयपुर में

**बीकानेर, एजेंसी।** भारतीय वायुसेना द्वारा 15 से 17 सितम्बर तक जयपुर में एक भव्य और शानदार एयर शो का आयोजन किया जाएगा। एयर शो में विश्वप्रसिद्ध इंडियन एयर फोर्स सूर्य किरण एरोबेटिक टीम (एसकेएटी) दोपहर साढ़े तीन बजे शहर के जलमहल के ऊपर फॉर्मेशन एयरोबेटिक्स का प्रदर्शन करेगी। शाम साढ़े चार बजे इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में एशिया की एकमात्र टीम हॉक एमके-132 विमान के नौ विमान फॉर्मेशन को उड़ाते हुए सटीक उड़ान और प्रदर्शन का शानदार और दुर्जेय प्रदर्शन करेगी।

### मानहानि मामले में केजरीवाल की याचिका खारिज

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अहमदाबाद सेशन कोर्ट ने गुरुवार को मानहानि के एक मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह को ट्रायल कोर्ट द्वारा जारी किए गए समन को रद्द करने से इनकार कर दिया। अदालत के फैसले को विस्तार से बताने वाला एक व्यापक आदेश सार्वजनिक किए जाने की उम्मीद है। यह फैसला अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश जे.एम. ब्रह्मभट्ट की अदालत ने सुनाया, जिन्होंने केजरीवाल और संजय सिंह की रिवीजन पिटिशन को खारिज कर दिया।

### भूटिया की पार्टी का एसडीएफ में विलय होगा

**गंगटोक, एजेंसी।** फुटबॉलर से राजनेता बने बाईचुंग भूटिया ने कहा है कि उनकी 'हामरो सिक्किम पार्टी' (एचएसपी) का पूर्व मुख्यमंत्री पवन चामलिंग के सिक्किम डेमोक्रेटिक फ्रंट (एसडीएफ) में जल्द विलय होगा। श्री भूटिया ने उन अटकलों का खंडन किया है जिसमें कहा गया था कि वह 19 सितंबर एसडीएफ में शामिल होंगे। उन्होंने कहा, यह सच है कि मैं एसडीएफ में शामिल होने जा रहा हूं, लेकिन 19 सितंबर को नहीं, कोई और तारीख हो सकती है।

### अभिनेता रियो कपाड़िया का 66 वर्ष की उम्र में निधन

**मुंबई, एजेंसी।** शाहरुख खान अभिनीत 'चक दे इंडिया' में कमेंटेटर के रूप में काम करने वाले बॉलीवुड अभिनेता रियो कपाड़िया का गुरुवार को 66 साल की उम्र में निधन हो गया। कपाड़िया ने गुरुवार दोपहर 12.30 बजे अंतिम सांस ली। चक दे इंडिया के अलावा कपाड़िया ने हैप्पी न्यू ईयर, दिल चाहता है और मर्दानी में भी काम किया है।

### लोकसभा सचिवालय ने जारी किया बुलेटिन

# विशेष सत्र में संसद की 75 वर्षों की यात्रा पर होगी चर्चा

## 18 से शुरू होगा सत्र

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले सप्ताह 18 तारीख से शुरू हो रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा में प्राप्त उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी।

लोकसभा सचिवालय ने गुरुवार को यहां जारी एक बुलेटिन में कहा कि संसद के विशेष सत्र में संविधान सभा से लेकर आज तक संसद की 75 वर्षों की यात्रा, उपलब्धियों, अनुभवों, संस्मरणों पर चर्चा होगी तथा चार विधेयक- एडवोकेट संशोधन विधेयक 2023 और प्रेस एवं आवधिक पंजीकरण विधेयक 2023, डाकघर विधेयक 2023 तथा मुख्य निर्वाचन आयुक्त, अन्य निर्वाचन आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा शर्त विधेयक 2023 पारित किया जाना है। पहले दो विधेयक राज्यसभा से पारित एवं लोकसभा में लंबित हैं। लोकसभा एवं राज्यसभा सचिवालयों ने हाल में घोषणा की है कि संसद का विशेष सत्र 18 सितंबर से शुरू होगा और सरकार के कामकाज को देखते हुए यह



22 सितंबर तक चलेगा। इसमें कहा गया कि सत्र आमतौर पर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न एक बजे और फिर अपराह्न दो बजे से शाम छह बजे तक चलेगा।

### प्रश्नकाल व गैर - सरकारी कामकाज नहीं होगा

सचिवालय के अनुसार, विशेष सत्र के दौरान दोनों सदनों में प्रश्नकाल और गैर-सरकारी कामकाज नहीं होगा। सरकार ने 18 सितंबर से शुरू होने जा रहे संसद के पांच दिवसीय विशेष सत्र से पहले 17 सितंबर को एक सर्वदलीय बैठक बुलाई है। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने ट्विटर पर लिखा, 'इस महीने 18 सितंबर से शुरू होने वाले ससंद सत्र से पहले 17 सितंबर को शाम साढ़े चार बजे सदन में सभी दलों के नेताओं की बैठक बुलाई गई है।

### कांग्रेस ने सांसदों को सदन में हाजिर रहने के लिए जारी किया व्हिप

संसद का विशेष सत्र 18 सितम्बर से शुरू हो रहा है। लोकसभा सचिवालय द्वारा इसका एजेंडा जारी कर दिए जाने के बाद अब कांग्रेस ने भी कमर कस ली है। पार्टी ने अपने सभी सांसदों को विशेष सत्र के दौरान संसद में मौजूद रहने के लिए तीन लाइन का व्हिप जारी कर दिया है। इसके अलावा विशेष सत्र में पार्टी की रणनीति क्या होगी और इस दौरान कौन-कौन से मुद्दे उठाए जाएंगे,इस पर भी फैसला लेने के लिए पार्टी विचार कर रही है।

# मुंबई विमानतल पर हादसा, 8 घायल

- विमान 2 हिस्सों में टूटा, आग लगी
- विशाखापट्टनम से उड़ान भरी थी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** मुंबई एयरपोर्ट पर गुरुवार 14 सितंबर को एक चार्टर्ड प्लेन लैंडिंग के दौरान रनवे पर फिसलकर हादसा हो गया। हादसे के साथ ही प्लेन दो हिस्सों में टूट गया और उसमें आग लग गई। प्लेन में 6 यात्र और 2 क्रू मेंबर सवार थे। ये सभी घायल हुए हैं। इन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। विमान ने विशाखापट्टनम से उड़ान भरी थी।

शुरुआती जानकारी के मुताबिक, प्लेन मध्य प्रदेश के भोपाल स्थित कंपनी दिलीप बिल्डकॉन के नाम से रजिस्टर्ड है। प्लेन में जेएम बैक्सी कंपनी के मालिक कोटक और उनके परिवार के लोग सवार थे। जेएम बैक्सी कंपनी लॉजिस्टिक्स के क्षेत्र में काम करती है। डायरेक्टर जनरल ऑफ सिविल एविएशन के अनुसार वीएसआर वेंचर्स लियरजेट 45 एयरक्राफ्ट मुंबई के रनवे 27 पर फिसल गया। सूचना मिलते ही दमकल की टीम मौके पर पहुंची और आग बुझाई। मुंबई में भारी बारिश हो रही है, इसके चलते विजिबिलिटी 700 मीटर रह गई थी । इसी वजह से यह घटना हुई।

### मुंबई एयरपोर्ट पर आवाजाही हुई सामान्य

ये निजी चार्टर्ड विमान कनाडा स्थित बॉम्बार्डियर एविएशन के एक डिवीजन की ओर से निर्मित नौ सीटों वाला सुपर-लाइट बिजनेस जेट है। छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के प्रवक्ता की ओर से कहा गया कि ये हादसा शाम को 5 बजकर 2 मिनट पर हुआ। फिलहाल एयरपोर्ट पर और जिस रनवे पर दुर्घटना हुई है वहां सभी गतिविधि सामान्य हैं।

### इंडिया गठबंधन का फैसला

## 10 चैनलों के 14 एंकर्स का बहिष्कार करेगा गठबंधन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' ने 10 चैनल्स के 14 टीवी एंकर्स का बायकॉट करने का फैसला किया है। उन्होंने इसके लिए न्यूज एंकर्स की सूची भी जारी की है। इन एंकर्स के नाम अदिति त्यागी, अमन चोपड़ा, अमीश देवगन, आनंद नरसिम्हा, अर्णब गोस्वामी, अशोक श्रीवास्तव, चित्रा त्रिपाठी, गौरव सावंत, नविका कुमार, प्राची पाराशर, रुबिका लियाकत, शिव अरूर, सुधीर चौधरी और सुशांत सिन्हा हैं। सभी अलग-अलग टीवी चैनल में शो होस्ट करते हैं।

### कांग्रेस ने कहा, नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे

कांग्रेस ने सोशल मीडिया पर कहा है हर रोज शाम 5 बजे कुछ टीवी चैनल्स पर नफरत का एक बाजार सजाया जाता है। ऐसे में इंडिया गठबंधन ने तय किया है कि 'हम नफरत के बाजार में ग्राहक बनकर नहीं जाएंगे' हमारा उद्देश्य है 'नफरत मुक्त भारत' जुड़ेगा भारत, जीतेगा इंडिया। मुंबई में 31 अगस्त और 1 सितंबर को विपक्षी गठबंधन की तीसरी बैठक हुई थी। इसमें कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत 28 विपक्षी दलों के नेता शामिल हुए। बैठक में समन्वय और अभियान समेत 5 कमेटियां बनाई गई थी।

### प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने 'ऐतिहासिक कदम' करार दिया

# एक क्लिक कर सुप्रीम कोर्ट के आंकड़े होंगे उपलब्ध

## राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड उपलब्ध होंगे आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने गुरुवार को उच्चतम न्यायालय से संबंधित आंकड़े भी राष्ट्रीय न्यायिक डेटा ग्रिड (एनजेडीजी) पर वास्तविक स्थिति में उपलब्ध होने की घोषणा करते हुए इसे एक 'ऐतिहासिक कदम' करार दिया और कहा कि अब न्यायपालिका के तीनों स्तरों के विभिन्न प्रकार के मुकदमों की स्थिति से संबंधित ताजा जानकारी इंटरनेट पर एक बटन दबाते ही कोई कभी भी हासिल कर सकेगा।

न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि एनजेडीजी पर उच्चतम न्यायालय से जुड़े आंकड़े उपलब्ध कराने के लिए राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) के साथ शीर्ष अदालत की कंप्यूटर तकनीक से जुड़ी टीम ने मिलकर काम किया। उन्होंने



कहा कि शीर्ष अदालत के विभिन्न प्रकार के मुकदमों के आंकड़े एनजेडीजी पर उपलब्ध होने की व्यवस्था विकसित होने के साथ ही ई-कोर्ट परियोजना का प्रमुख प्रोजेक्ट पूरा हो गया है। एनजेडीजी पर निचली अदालतों और उच्च न्यायालयों की कार्यवाहियों से संबंधित से आंकड़े पहले से ही उपलब्ध हैं। उच्चतम न्यायालय के इस पोर्टल से जुड़ने के बाद आम लोगों के लिए न्याय से संबंधित जानकारी हासिल करना अब आसान हो जाएगा।

### *शोध कार्य के लिए संभावनाएं बढ़ी*

*एनजेडीजी पोर्टल के लॉन्च होने के बाद से पारदर्शिता, जवाबदेही, जिम्मेदारी, दक्षता, समन्वय आदि में व्यापक सुधार हुआ है। इसके अलावा संसाधनों और जनशक्ति की बेहतर इस्तेमाल और उच्च गुणवत्ता वाले शोध कार्य के लिए विशाल संभावनाएं बढ़ी हैं। एनजेडीजी पोर्टल सूचना, आंकड़े, लंबित मामले और मामलों का निपटान, केस-प्रकार, भारत के शीर्ष अदालत का वर्ष-वार विवरण कोई भी आसानी से हासिल कर सकता है। एनजेडीजी पोर्टल भारत सरकार की पहल पर 2015 में शुरू किया गया था। यह एक न्यायपालिका से संबंधित आंकड़ों का एक राष्ट्रीय भंडार है, जहां विभिन्न न्यायालयों द्वारा स्वीकृत, लंबित, निपटारा आदि की जानकारी एक बटन दबाकर हासिल की सकती है। एनजेडीजी वेब पेज चालू वर्ष में दीवानी और आपराधिक मामलों की पेंडेंसी, पंजीकृत और अपंजीकृत मामलों को मिलाकर कुल लंबित मामले, पिछले महीने में स्थापित मामलों की संख्या, पिछले माह निस्तारित मामलों की संख्या, चालू वर्ष में स्थापित मामलों की संख्या, चालू वर्ष में निपटान, कोरम के अनुसार लंबित मामले - तीन जज, पांच जज, सात जज, नौ जज प्रकाशित की गई है।*

## मध्याह्न भोजन से मांस, चिकन हटाने को सही ठहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को लक्षद्वीप प्रशासन के स्कूलों में मध्याह्न भोजन के मेनू से मांस और चिकन को हटाने और डेयरी फार्मों को बंद करने के फैसले को सही ठहराया। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम. त्रिवेदी की पीठ मध्याह्न भोजन के मेनू में बदलाव के खिलाफ दायर एक जनहित याचिका की सुनवाई से केरल उच्च न्यायालय के सितंबर 2021 में इनकार के फैसले के खिलाफ एक विशेष अनुमति याचिका पर विचार कर रही थी।

## सार समाचार

### संविधान बचाओ सभा आज अशोकनगर में

**गुना, देशबन्धु।** संविधान बचाओ विशाल जनसभा में शिरकत करने शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ तथा दिग्विजय सिंह अशोकनगर पहुंचेंगे। सभा में शामिल होने के लिए गुना से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अशोकनगर जाएंगे। इसको लेकर गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें रैली को सफल बनाने के लिए रूपरेखा तैयार की गई। जिला कांग्रेस अध्यक्ष मेहरबान सिंह ने बताया कि गुना जिले से लगभग 300 वाहनों का काफिला अशोकनगर पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता स्वत- स्फूर्त वहां पहुंच रहे हैं। भाड़े के वाहन या भाड़े की भीड़ जुटाने से जनता प्रभावित नहीं होती है बल्कि जनहित के कार्यों का प्रभाव जनता में छाप छोड़ता है। प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी इच्छा से अशोकनगर पहुंच रहे हैं यहां तक कि सैंकड़ों की तादाद में कार्यकर्ता मोटरसाइकल तथा ट्रेन से भी अशोकनगर पहुंचेंगे। अशोकनगर में आयोजित होने वाली कांग्रेस की संविधान बचाओ विशाल जनसभा प्रात- 11 बजे से आरंभ होगी। जिसमें कमलनाथ, दिग्विजय सिंह के अलावा प्रदेश प्रभारी रणदीप सुरजेवाला शामिल होंगे।

### युवक बनाता था शादी का दबाव, युवती से की छेड़छाड़

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थानंतर्गत ग्राम हरिपुर निवासी एक युवती के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक ने बार-बार शादी करने का दबाव बनाते हुए छेड़छाड़ कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय फरियादिया ने बताया कि वह कॉलेज में पढ़ती है। उसके घर के पड़ोस में रहने वाला अजय पुत्र पप्पू आदिवासी आए दिन उसका रास्ता रोककर शादी करने के लिए बोलता है और पीछा करता है। बुधवार को जब वह अपनी किराने की दुकान पर बैठी थी तभी अजय आदिवासी आया और सिगरेट मांगी। जब युवती ने सिगरेट नहीं दी तो अजय ने उसका बुरी नियत से हाथ पकडक़र बोला कि तू मुझसे शादी भी नहीं कर रही और सामान भी नहीं दे रही। इस मामले में पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी पर छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### नानाखेड़ी मंडी में जुआ खेलते हुए 3 जुआरी गिरफ्तार

**गुना, देशबन्धु।** कैंट पुलिस द्वारा नानाखेड़ी क्षेत्र में पानी की टंकी की आड में जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को दबोचा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि नानाखेड़ी अनाज मंडी में शेड के नीचे कुछ लोग हाथ ठेला पर जुआ खेल रहे हैं।

उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर हाथ ठेले पर बैठकर जुआ खेल रहे शिवराज पिता कल्याण सिंह मोंगिया निवासी नेगमा, रहीश पिता नूर खान निवासी शिवाजी नगर, सुरेश पिता पूरन सिंह साहू निवासी नानाखेड़ी पिपरौदा रोड को गिरफ्तार किया। जिनके पास से पुलिस ने 620 रुपए नगदी एवं ताश की गड्डी बरामद की। पुलिस ने जुआरियों पर 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

**सट्टा पर्ची काटते हुए चांचौड़ा पुलिस ने दबोचा सटोरिया:**-इधर जिले की चांचौड़ा पुलिस ने सट्टा पर्ची काटते एक युवक को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि अंबेडकर मोहल्ला चौराहे पर एक युवक सट्टे की पर्ची काट रहा है। उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश दी। यहां गुमटी के पीछे सट्टा पर्ची काट रहे युवक ने पुलिस को देखकर दौड़ लगा दी। जिसे पुलिस ने घेराबंदी कर धरबदोचा।

अंतर्राज्यीय सीमा से चैकिंग के दौरान धराए

# 4 किलो डोडाचूरा के साथ आरोपी गिरफ्तार





**गुना, देशबन्धु।** चांचौड़ा पुलिस द्वारा अंतर्राज्यीय बॉर्डर नाके पर चैकिंग के दौरान नशा सौदागर को दबोचकर 40 हजार कीमत का 4 किलो डोडाचूरा बरामद किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा ऊमरथाना तिराहे पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। चैकिंग के दौरान पुलिस को राजस्थान तरफ से बिना नंबर प्लेट की एक होंडा शाइन मोटर सायकिल आते हुये दिखाई दी। जिसके चालक के पीछे सीट पर प्लास्टिक का एक कट्टा बंधा हुआ था। पुलिस द्वारा उक्त मोटर सायकिल के चालक को हाथ देकर रोकने का प्रयास किया तो उसके चालक द्वारा मोटर सायकिल की स्पीड तेज कर भागने का प्रायास किया। लेकिन पुलिस फोर्स द्वारा उसका पीछकर घेराबंदी कर धरदबोचा। पूछताछ में उसने अपना नाम जितेन्द्र पुत्र प्रेमनारायण कुशवाह निवासी बीनागंज, थाना चांचौडा बताया। जिसके पास से पुलिस ने प्लास्टिक के कट्टे में 4 किलो डोडा चूरा बरामद किया। पुलिस ने आरोपी पर धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई संजीत सिंह मावई, अजय सिंह चौहान, विष्णु गुर्जर, नवदीप शर्मा, मनोज टेकाम एवं धर्मेन्द्र चौहान की सराहनीय भूमिका रही है।

### 67 लीटर अवैध शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

वहीं धरनावदा पुलिस द्वारा भी अंतर्राज्यीय बॉर्डर पर अवैध शराब बेचने की फिराक में खड़े शराब तस्कर को दबोचा है। पुलिस ने आरोपी से हाथभट्टी की बनी 67 लीटर अवैध शराब जप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस द्वारा ग्राम लक्ष्मणपुरा पॉईन्ट पर वाहन चैकिंग की जा रही थी। यहां पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक के प्लास्टिक की दो कैनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में खड़ा है। उक्त सूचना पर पुलिस तत्काल पार्वती नदी पुल के पास पहुंची।

यहां एक युवक प्लास्टिक की दो केनों के साथ खड़ा हुआ दिखाई दिया। जिसने पुलिस को देखकर वहां से खिसकने का प्रयास किया, तो पुलिस फोर्स ने घेराबंदी कर दबोच लिया। जिसने पूछताछ पर अपना नाम बुंदेल उर्फ बुंदा पुत्र मोहनलाल सहरिया नाथूपुरा, रूठियाई थाना धरनावदा का होना बताया। जिसके पास से पुलिस ने कुल 67 लीटर अवैध शराब बरामद कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। पुलिस की इस कार्रवाई में टीआई राजेन्द्र सिंह चौहान, सीताराम धुर्वे, राजेश कुमार भिलाला, शिवनंदन भदौरिया, दिलीप सेन, सत्येन्द्र गुर्जर, नीरज शर्मा, प्रदुमन शर्मा एवं रघुकुल तिलक मिश्रा की सराहनीय भूमिका रही है।

### बहू ने कर दी सास के साथ मारपीट

**गुना देशबन्धु।** बजरंगगढ़ थानांतर्गत एक बहू ने सास और उसके पति के साथ के साथ जमकर कर दी। गंभीर रूप से घायल सास को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बजरंगगढ़ थाना अंतर्गत बजरंगगढ़ में रहने वाली रेखा कुशवाह (65) ने बताया कि उसकी बहू 4 वर्षों से लगातार प्रताड़ित कर रही है। ना समय पर खाना बनाती है और ना ही समय पर खाने को देती है। कहने पर मारपीट करना शुरू कर देती है। आए तलाक लेने की धमकी दे रही हैं। इतना ही नहीं उसके एक ही बेटा है और एक ही बहू है। लेकिन हर रोज मारपीट कर मायके रवाना हो जाती है। ऐसा ही वाक्य बुधवार को जब सामने आया जब रेखा बाई के बेटे ने अपनी ही पत्नी से समय पर बच्चों को गोली दवाई देने की कही, तो दोनों आपस में उलझ गए।

आमने-सामने आएं दो पक्ष

## मौके पर पहुंची पुलिस पर भी किया पथराव



**गुना, देशबन्धु।** मधुसूदनगढ थानांतर्गत ग्राम कादेरपुरा में प्रेम प्रसंग में लडक़ी भागने को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। यहां बुधवार रात जमकर हंगामा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मधुसूदनगढ़ के ग्राम कादेरपुरा में भील भिलाला समाज के करीब आधा सैकड़ा से अधिक लोगों ने हरिजन बस्ती पर हमला बोल दिया। जिसमें हरिजन बस्ती के घरों में तोडफ़ोड़ कर सोना चांदी की रकम सहित कीमती सामान लूट कर ले गए।पूरा मामला एक लडक़ी को भगा कर ले जाने को लेकर बताया जताा है। घटना रात बुधवार रात 10 बजे के करीब की बताई जाती है। वहीं सूचना मिलते ही मौके पर बड़ी संख्या में पुलिस बल पहुंचा।

सूत्रों के अनुसार भीड़ ने पुलिस बल भी पथराव किया। जबाव में पुलिस द्वारा हवाई फायर करने के समाचार हैं। जिसके बाद भीड़ मौके से भागी। पुलिस ने करीब दो 25 अज्ञात लोगों के खिलाफ लूट, तोडफ़ोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर आरिपियों की तलाश कर रही है।

## ससुराल की प्रताड़ना से तंग विवाहिताओं ने कराए मामले दर्ज

### कुंभराज और जामनेर थाना पुलिस कर रही मामले की जांच

**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत ग्राम बरखेड़ा कला निवासी एक महिला ने अपनी पति और सास-ससुर पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रामनगर लोधापुरा निवासी सीमाबाई की शादी बरखेड़ा कला निवासी बृजमोहन लोधा के साथ हुई थी। शादी के समय उसके पिता ने अपनी हैसियत के हिसाब से दान दहेज दिया था। कुछ समय तक उनके पति और ससुराल वालों ने उसे अच्छे से रखा। फिर सास बसंती बाई, मूलचंद लोधा एवं पति बृजमोहन ने दहेज के लिए आए दिन ताने देते हुए प्रताड़ित करने लगे। घर न बिगड़े यह सोचते हुए महिला सब सहन करती रही। विगत दिनों जब पीड़ित महिला रक्षाबंधन पर घर आई थी तब जन्माष्टमी पर उसका पति, सास और ससुर लेने गए। जिस पर उनके पिता ने जन्माष्टमी और मना लेने की बात कही तो तीनों ने मिलकर पिता के साथ महिला की भी मारपीट कर दी। पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर आरोपी पति, सास और ससुर पर दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज किया है। इधर जामनेर थानांतर्गत ग्राम शेरगढ़ निवासी महिला ने दहेज के लिए प्रताड़ित करने पर पति और सास पर मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरती पत्नी राजेन्द्र सिंह परिहार निवासी बायपास रोड आरोन हाल निवासी रेशगढ़ ने बताया कि उसकी उसकी शादी आरोन निवासी राजेन्द्र सिंह के साथ हुई थी। शादी के एक साल बाद ही उसका पति दहेज में मोटर सायकिल नहीं मिलने पर उसके साथ मारपीट करने लगा। आए दिन उसका पति और सास दहेज में मोटर सायकिल लाने के लिए प्रताड़ित करते थे। उक्त मामले में पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर आरोपी पति राजेन्द्र एवं सास लीमाबाई पर धारा 498 ए दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

### लीनेस क्लब ने किया भूतपूर्व सैनिकों का सम्मान

**गुना, देशबन्धु।** शहर की तीनों लीनेस क्लब गुना सिटी, गुना शक्ति और स्मार्ट वूमेन ने भूतपूर्व सैनिक और वीर नारियों तथा शहीदों के परिवारजनों का माला पहनाकर सम्मान किया। साथ ही उन्हें सूखा राशन सामग्री के पैकेट दिए गए। क्लब की रीता जैन द्वारा पुरुष वर्ग को सिर पर केप पहनाकर सम्मान किया गया और डायरी और पेन भी दिया। साथ ही अंजना सिंघल और बीना अग्रवाल द्वारा उन्हें शर्ट का कपड़ा दिया गया। लीनेस क्लब स्मार्ट वूमेन द्वारा बुजुर्ग लोगों को दवाइयों की मेडिकल किट बनाकर दी गई। वहां उपस्थित जिला सैनिक कल्याण अधिकारी रिटायर्ड कैप्टन एसपी श्रीवास्तव और जिला सैनिक कल्याण संयोजक रिटायर्ड कैप्टन महावीर सिंह सिसोदिया ने शहीदों के परिवारजनों को सरकार की तरफ से मिलने वाली वित्तीय सहायता के विषय में जानकारी दी।

## बिलोनिया में 2 दर्जन से सहरिया आदिवासी गांवों की महापंचायत, 27 को आंदोलन की चेतावनी



**गुना, देशबन्धु।** बमोरी विधानसभा क्षेत्र में दो दर्जन गांवों की पंचायत गुरुवार को ग्राम बिलोनिया चक में आयोजित हुई। जिसमें सामूहिक रूप से निर्णय लिया गया कि यदि 27 सितंबर से पहले सहरिया महिलाओं को पोषण आहार योजना की राशि नहीं मिली तो गुना दशहरा मैदान में आन्दोलन होगा। उक्त महापंचायत में बमोरी क्षेत्र के करीब 32 गांवों के ग्रामीणों ने भागीदारी की। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम विसोनिया चक में एकता परिषद जिला इकाई गुना द्वारा आदिवासी समाज की पंचायत का आयोजन किया गया। बैठक संचालन करते हुए परिषद के पदाधिकारियों ने कहा कि आदिवासियों की जंगल और जमीन पर आजीविका निर्भर है। इसलिए उनको वन अधिकार का पट्टा तुरन्त मिलना चाहिए। जिससे वह मजदूरी कर अपनी आजीविका को सुनिश्चित कर सकें। जंगल और जमीन से ही सहरिया समाज का विकास हो सकता है। लंबे समय से उनके ऊपर आन्याय होता आ रहा है। इसलिए आज समाज को एकजुट होकर अपने अधिकारों की लड़ाई लडऩा होगा। इसी तरह से गुना जिले में आज पंचायत समाज को एकजुट करना वन अधिकार के लिए शासन-प्रशासन चेतना का काम करना होगा। बैठक में राजाराम सहरिया, भारत सिंह, मुखिया अमरसिंह, रामकिशन, धर्मेंद्र, सुनमान, जगदीश, शकरीयाबाई, लीला बाई आदि उपस्थित थे।

### विद्यार्थी परिषद की नई कार्यकारिणी गठित



**गुना, देशबन्धु।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की 2023-24 की नवीन कार्यकारिणी का गठित की गई है। जिसमें जिला संयोजक विकास शिवहरे ने पूर्व कार्यकारिणी को भंग कर नवीन कार्यकारिणी में नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर राजपूत, नगर मंत्री शिवराज चंदेल की घोषणा की। उसके पश्चात नवनिर्वाचित नगर अध्यक्ष चंद्रशेखर राजपूत जी ने बाकी कार्यकारिणी सदस्यों के नाम की घोषणा कर नव कार्यकारिणी का गठन किया। इस दौरान विभाग संयोजक वैभव मीणा ने परिषद की कार्य पद्धति से नवीन कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। अंत में जिला संगठन मंत्री अतुल बुधौलिया ने कार्यकर्ताओं का उत्साह वरदान करते हुए उन्हें उनके दायित्व का महत्व समझाया। नवीन कार्यकारिणी में उपाध्यक्षद्वय साहब सिंह जाट, हरिओम लोधा, सहमंत्री नैना जी, विक्की अहिरवार, वैभव भट्ट, राघवेन्द्र, देवेश खटीक, महाविद्यालय प्रमुख राहुल कुशवाह, सहप्रमुख विवेक सेन, सोशल मीडिया प्रभारी वंश शर्मा, कला मंच प्रमुख रानी मालवीय, सह प्रमुख रितु अहिरवार, एसएफएस प्रमुख स्वप्रिल शर्मा, सह प्रमुख रोहित राठौर, एसएफडी प्रमुख आयुष रघुवंशी, सह प्रमुख आकाश शिवहरे, छात्रावास प्रमुख पूनम केवट, सहप्रमुख प्रिया ओझा, एनएसएस प्रमुख प्रेम तिवारी, सहप्रमुख अंकेश यादव, कार्यायल मंत्री रोहित खटीक, खेल प्रमुख प्रदुमन पवैया को बनाया गया है।

### हिन्दी दिवस पर कस्तूरबा कॉलेज में संगोष्ठी आयोजित

**गुना, देशबन्धु।** हिंदी दिवस के अवसर पर शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती और स्वामी विवेकानंद जी तस्वीर पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ विनीता ने हिंदी दिवस पर सबको शुभकामनाएं दी तथा शाब्दिक स्वागत किया। मुख्य वक्ता डॉ शकुंतला प्रजापति ने कहा कि हिंदी संस्कृति और संवेदना की वाहक है, साथ में उन्होंने विभिन्न पहलुओं को रख हिंदी पर अपने विचार व्यक्त किये। इस अवसर पर छात्रा मुस्कान साहू, रितु प्रजापति, खीना लोधा, तृप्ति आदि छात्रों ने अपने विचार और गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन हिंदी विभाग के अध्यक्ष डॉ प्रीति यादव ने किया।

## खेती करना किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा : शशांक



**सीहोर, देशबन्धु।** खेती करना किसानों के लिए घाटे का सौदा साबित हो रहा है। बिजली, बीज, कीटनाशक सब मंहगा और अब मौसम की मार किसान कहां तक संघर्ष करेगा। खेतों में फसलें खडी भर हैं लेकिन सोयाबीन में बीज नहीं है। कम बारिश के कारण सोयाबीन की फसल बर्बाद हो चुकी है और किसान चिंतित है वह आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। लेकिन भाजपा सरकार यात्राओं में व्यस्त है। यह बात जिला पंचायत सदस्य और कांग्रेस नेता शशांक सक्सेना ने कही। गुरूवार को वह सीहोर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बमुलिपुरा, बमुलिया दोराहा, पंपापुर, पडियाला, गोपालपुरा, सुल्तानपुरा, बिलोदिया, मरेठी और भेरूपुरा के किसानों से मिले। जहां उन्होंने खेतों का निरीक्षण किया, इस दौरान किसानों ने उन्हें खेती संबंधी समस्याओं से अवगत कराया। श्री सक्सेना ने कहा कि बारिश न होने और इल्लियों के प्रकोप के कारण सोयाबीन फसल बर्बाद हो चुकी है, सरकार के सामने मांग रखते हुए कहा कि किसानों को मुआवजा राशि मिलनी ही चाहिए। उन्हें फसल बीमा योजना का भी लाभ नहीं मिला।

### मांझी समाज को जल्द मिलेगा भवन : नपाध्यक्ष



**सीहोर, देशबन्धु।** निषाद धर्मशाला के लिए भूमि भवन की मांग के प्रति नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि जल्द ही मांझी समाज को भूमि के साथ भवन मिलेगा।

दरअसल गुरुवार को सिद्धपुर मांझी आदिवासी समाज संघ के तत्वाधान में लगातार 20 सालों से निषाद चौराहे के अलावा निषाद धर्मशाला के लिए भूमि भवन की मांग की है। इसको लेकर संघ के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश रायकवार ने बड़ी संख्या में समाजजनों के साथ नगर पालिका अध्यक्ष श्री राठौर से मिलने पहुंचे थे। नपाध्यक्ष श्री राठौर को ज्ञापन देने वालों में आकाश रायकवार, अजय रेकवार, विजय, सविता, संगीता, पवन, गोविन्दा, कंछेदीलाल, शुभम, वंश रायकवार, कृष्णा, विशाल, रवि, राजू विनोद, अर्जुन, अनिल, महेश, सन्नी, हेमराज और सूरज मांझी, अरुण रेकवार, मनोहर रेकवार आदि शामिल थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ किया मामला दर्ज

## बोलेरो सवारों ने की बस चालक से मारपीट, नाक टूटी






**आष्टा, देशबन्धु।** आष्टा शुजालपुर बाईपास के मोड पर बोलेरो खड़ी कर इंदौर से भोपाल आ रही बस के मार्ग मे रूकावट पैदा की। बस को आगे बढ़ाने के लिए बोलेरो मे बैठे लोगो से कहा तो वो गाली गलौज कर बस चालक को पास बुलाया। इस पर चालक ने विरोध किया तो बोलेरो में सवार 5 लोग नीचे उतर कर चालक के साथ मारपीट शुरू कर दी। जब चालक ने खुद को बचाने की कोशिश की तो बजरंग कॉलोनी निवासी प्रीतम पटेल ने पत्थर उठाकर बस चालक इमरान के मुंह पर मार दिया। जिससे उसकी नाक की हड्डी टूट गई, और वहं चक्कर खाकर गिर पड़ा। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को मौके पर आता देख आरोपी भागने लगे। वह जाते-जाते बोल रहे थे कि हम आष्टा के निवासी है। तुम्हारा बस से डेली आना जाना लगा रहता है। आइंदा हमसे उलझे तो जान से खत्म कर देंगे। पुलिस ने इमरान को शासकीय अस्पताल इलाज के लिए भेजा। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद चोट की गंभीरता को देखते हुए इलाज हेतु जिला चिकित्सालय सीहोर रैफर किया गया। घायल चालक इमरान के परिजनों द्वारा मारपीट मे शामिल जिस बोलेरो मे खड़े थे। उसके नंबर प्लेट के उपर अध्यक्ष ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस लिखा हुआ था। लोगो का कहना है कि आसपास सीसीटीवी कैमरे लगे हुए है। उसमें आरोपीयो की पहचान आसानी से हो सकती है। लेकिन वे चर्चा में कांग्रेस के ब्लॉक स्तर के पदाधिकारी कार्यकर्ता बताए जा रहे हैं।

## विधायक की नाराजगी के बाद शुरू हुआ सड़क की मरम्मत का कार्य



**सीहोर, देशबन्धु।** भोपाल-ब्यावरा हाइवे मार्ग स्थित श्यामपुर बस स्टैंड के सर्विस रोड की खस्ताहालत को देखकर विधायक सुदेश राय ने संबंधित अधिकारियों के प्रति नाराजगी जताई। जिसके कुछ समय बाद सर्विस रोड की मरम्मत का काम शुरू हुआ। विधायक श्री राय बस स्टैड के आसपास उपस्थित लोगों के साथ रोड का निरीक्षण करने पहुंचे थे। निरीक्षण के दौरान उपस्थित लोगों की समस्याएं सुनी। गुरुवार को विधायक सुदेश राय अचानक श्यामपुर बस स्टैंड उपस्थित लोगों के बीच पहुंचे। उपस्थित ग्रामीणों ने श्यामपुर स्थित पुल के दोनों सर्विस रोड की खस्ताहालत की शिकायत की। लोगों की शिकायत को विधायक सुदेश राय ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर नाराजगी व्यक्त कर शीघ्र मरम्मत करने की बात कही। इस दौरान विधायक श्री राय ने बस स्टैंड पर उपस्थित लोगों से भ्रमण कर उनकी समस्याएं सुनी। इस मौके पर तहसीलदार श्याम चंदेल, पूर्व सरपंच लक्ष्मीनारायण पाटीदार मातावाले, पिछड़ा वर्ग मंडल अध्यक्ष दिनेश पाटीदार, व्यापारी प्रकोष्ठ जिला सहसंयोजक संजय पाटीदार, गोविंद पाटीदार, राज दांगी, राजेन्द्र हाढ़ा, जनपद सदस्य विनोद, विजय हाढ़ा सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित, कलेक्टर ने कहा

### बैंकर्स स्वरोजगार योजनाओं के प्रकरणों का प्राथमिकता से करें निराकरण

**गुना, देशबन्धु।** कलेक्टर तरूण राठी की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिपं सीईओ प्रथम कौशिक, भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि, नाबार्ड के प्रतिनिधि सहित लीड बैंक अधिकारी प्रवीण गुजरे सहित बैंकर्स एवं स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित विभाग उपस्थित रहे। बैठक के दौरान सर्वप्रथम जिले की बैंकों का क्रेडिट रिव्यु की समीक्षा की गयी और इसके पश्चात विभिन्न विभागों की स्वरोजगार योजनाओं से संबंधित बैंकवार, नगरीय निकायवार समीक्षा की गयी। सर्वप्रथम शहरी आजीविका मिशन के तहत संचालित पीएम स्वनिधि योजना की समीक्षा के दौरान पाया गया कि सभी बैंकर्स ने इस योजना पर संतोषजनक रूप से कार्य नही किया गया है, जिस पर कलेक्टर द्वारा अप्रसन्नता व्यक्त की गयी और कहा कि, यह योजना गरीब जरूतरमंद लोगों के लिए सरकार द्वारा उच्च स?तर पर बैंकर्स के समन्वय से बनायी गयी है। जिसमें प्रथम किश्त में 10 हजार, द्वितीय किश्त में 20 हजार एवं तृतीय किश्त में 50 हजार रूपये देने का प्रावधान है। इतनी कम राशि होने के बाद भी बैंकर्स द्वारा इस योजना में ऋण वितरण संतोषजनक नही है। इसी प्रकार दीनदयाल शहरी ग्रामीण आजीविका मिशन की योजना में भी ऋण प्रकरणवितरित किये जावें। इन दोनों योजनाओं में विशेष ध्यान दिया जावे और प्राथमिकता से ऋण वितरण कराया जावे। पंजाब एंड सिंध बैंक को इस योजना में रूचि नही लेने पर असप्रन्नता व्यक्त की गयी। इसके पश्चात विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की विभागवार समीक्षा की गयी। जिसमें उद्योग विभाग एवं खादी ग्रामीण बोर्ड द्वारा संचालित प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम की समीक्षा की गयी। इसी प्रकार जिसमें प्रेषित प्रकरणों की स्वीकृति एवं वितरण के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति स्वरोजगार की समीक्षा की गयी, जिसमें संतोषजनक प्रगति नही पाये जाने पर सभी बैंकर्स को निर्देशित किया गया कि शासन की प्राथमिकता वाली योजना है। इसमें ज्यादा से ज्यादा प्रकरण स्वीकृत कर वितरण कराये जावें। इसी प्रकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा संचालित केसीसी योजना, अंत्यावसाय सहकारी समिति द्वारा संचालित संत रविदास योजना एवं डॉ.भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, आदिवासी वित्त विकास निगम द्वारा संचालित भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना एवं टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना, पिछड़ा वर्ग विभाग द्वारा संचालित विमुक्त घुमंतु और अर्द्धघुमंतु स्वरोजगार योजना एवं मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग स्वरोजगार योजना एवं उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित पीएमएफएमई योजना की बैंकवार समीक्षा की गयी और विभाग द्वारा प्रेषित प्रकरणों को प्राथमिकता से स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही की जावे। यदि प्रकरण स्वीकृति की स्थिति में नही है, तो उसे तत्काल वापसी भी किया जावे, जिससे कि हितग्राही बैंकों में जाकर अनावश्यक चक्कर न लगाएं। बैठक में उपस्थित भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया।

# फर्जी आरक्षक को 7 वर्ष की सजा, अर्थदंड भी

## अज्ञात से दिलवाई थी परीक्षा, पास भी हो गया था

**भोपाल, देशबन्धु।** सीबीआइ की विशेष अदालत ने गुरुवार को मप्र व्यावसायिक परीक्षा मंडल की पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा में हुए घोटाले के मामले में आरोपित अंकुश सिंह भदौरिया को सात वर्ष के कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया है। यह फैसला विशेष न्यायाधीश नीतिराज सिंह सिसोदिया ने सुनाया। इस मामले में विशेष लोक अभियोजक सुनील श्रीवास्तव ने पैरवी की।

अभियोजन के अनुसार मप्र व्यावसायिक परीक्षा मंडल ने अप्रैल 2013 में पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की थी, जिसमें अंकुश ने आवेदन प्रस्तुत किया था। अंकुश को एलएनसीटी कालेज परीक्षा केंद्र आवंटित किया गया था। उक्त परीक्षा में उसका चयन हुआ, जिसके आधार पर वह पुलिस आरक्षक के रूप में पदस्थ हुआ। लेकिन एक शिकायत की जांच में पाया गया कि उक्त परीक्षा की ओएमआर एवं रासा शीट पर अंकित हस्तलिपि, हस्ताक्षर, अंगुष्ठ के चिह्न अंकुश के नहीं थे। अभियुक्त स्वयं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं हुआ था, उसने अपने स्थान पर किसी अज्ञात को उक्त परीक्षा में बैठाकर अनुचित रूप से परीक्षा उत्तीर्ण की थी। पर एसटीएफ पुलिस ने अंकुश सिंह पर प्रतिरूपण द्वारा छल कारित करने, मूल्यवान प्रतिभूति की कूटरचना कारित करने, कूटरचित दस्तावेजों को असल रूप में उपयोग में लाए जाने तथा मान्यता प्राप्त परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग कर डमी कैंडिडेट द्वारा परीक्षा दिलवाए जाने का अपराध दर्ज किया था। अंकुश पर लगाए गए इन आरोपों को न्यायालय ने सही मानकर सजा सुनाई।

# विक्रय कर कर्मचारी की पत्नी ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

## मानसिक बीमारी से जूझ रही थी

**भोपाल, देशबन्धु।** कमला नगर के कोटरा स्थित सरकारी आवास में रहने वाले विक्रय कर विभाग के कर्मचारी की पत्नी ने गुरुवार सुबह फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को मौके से कोई पत्र नोट नहीं मिला है, जिसके चलते खुदकुशी के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। लेकिन पता चला है कि महिला मानसिक बीमारी से जूझ रही थी। उसका इलाज भी चल रहा था।

थाना प्रभारी निरूपा पांडे ने बताया कि कोमल बड़ौले उम्र 35 वर्ष कोटरा सरकारी आवास में रहती थी। उनके पति सुखदेव बड़ौले कर विभाग विक्रम के बिट्ठल मार्केट में स्थित ऑफिस में तृतीय श्रेणी के कर्मचारी हैं। बताया गया है कि कोमल बुधवार की रात को वह खाना खाने के बाद सोई थी। आधी रात कमरे से उठने के बाद ग्राउंड फ्लोर में स्थित रूम में गई। वहां उसने पंखे के सहारे फंदा बनाया और फांसी लगा ली। सुबह सात बजे बेटी ने उठने के बाद मां की तलाश की। तब मां का शव फंदे पर लटका दिखा। इसके बाद उसने पिता को घटना की जानकारी दी तो उन्होंने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए पहुंचाया।

थाना प्रभारी ने बताया कि कोमल की दो बेटी वैष्णवी 14 और माही 10 हैं। दोनों निजी स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं। मौके से कोई पत्र नहीं मिलने से आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है, लेकिन प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि महिला मानसिक तौर पर बीमार थी। उसका मनोचिकित्सक के पास इलाज चल रहा था। फिलहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## छात्रा की संदिग्ध हालातों में मौत

**भोपाल, देशबन्धु।** गांधी नगर में रहने वाली नौवीं कक्षा की छात्रा की संदिग्ध हालातों में मौत का मामला सामने आया है। परिजन उसे अचानक बेहोश होने का बताकर अस्पताल ले गए थे। जबकि डॉक्टरों ने पुलिस को बताया कि किशोरी के गले पर रस्सी के निशान हैं। पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। एसआई प्रभा शर्मा ने बताया कि 13 वर्षीय की सोनिया गोविनानी 13 नारायण दास गोविनानी शिवाजी वार्ड गांधी में रहती थी। वह निजी स्कूल से नौवीं कक्षा की पढ़ाई कर रही थी और परिवार की इकलौता बेटी थी। उसके पिता ने पुलिस को बताया कि बेटी बुधवार रात घर में खेलते हुए गिरी थी, जिसके बाद बेहोश हो गई थी। इस पर उसे अस्पताल पहुंचाया। लेकिन यहां चिकित्सकों ने जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं अस्पताल की ओर से पुलिस को बताया गया कि लड़की के गले पर रस्सी के निशान मिले हैं। जिससे मामला संदिग्ध नजर आ रहा है। गुरुवार को पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया गया है। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा होने की उम्मीद है।

# किराना दुकान में घुसाया ऑटो, विरोध करने पर दुकानदार का सिर फोड़ा

**भोपाल, देशबन्धु।** बागसेवनिया थाना इलाके में एक ऑटो चालक ने किराना दुकान में ऑटो घुसा दिया। जब दुकानदार ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ जमकर मारपीट कर दी। सिर में डंडा लगने से दुकानदार को गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। बागसेवनिया थाना पुलिस ने अवध कुमार साहू पुत्र जयराम साहू बागमुगालिया सुरेंद्र बिहार कॉलोनी के पास रहते हैं और वहीं किराना दुकान का संचालन करते हैं। सोमवार रात को वह अपनी दुकान में बैठे थे। तभी आरोपी संदीप साहू अपने ऑटो क्रमांक एमपी 04 टी 2375 को लापरवाही से पीछे की ओर चलते हुए लाया और ऑटो को दुकान में घुसा दिया, जिससे उनकी दुकान में रखा सामान का नुकसान हुआ। दुकानदार अवध कुमार ने आरोपी की करतूत का विरोध किया तो उसने पहले लात घूसों से पीटा फिर ऑटो से डंडा निकालकर उस पर हमला किया , जिससे उनके सिर में गंभीर चोट आई। इस दौरान आरोपी ने दुकानदार को दुकान को हमेशा के लिए बंद कराने और थाने में शिकायत करने पर हत्या करने की धमकी दी। अवध कुमार ने अस्पताल में उपचार कराने के बाद आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# बैरसिया में आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेला आज

## सिविल अस्पताल के नवीन भवन का भूमिपूजन भी होगा

**बैरसिया , देशबन्धु।** आयुष्मान भव अंतर्गत सिविल अस्पताल बैरसिया में 15 सितंबर को विकासखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर बैरसिया सिविल अस्पताल के नवीन 50 विस्तरीय भवन का भूमि पूजन किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी एवं विधायक विष्णु खत्री सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

स्वास्थ्य मेले में मेडिकल कॉलेज के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा कैंसर, बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी, श्वास रोग, नेत्र रोग, ईएनटी, त्वचा रोग, अस्थि रोग जैसी सेवाएं प्रदान की जावेगी। साथ ही जनरल मेडिसिन, रक्तचाप, मधुमेह राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत जन्मजात विकृति की जांच, कुष्ठ रोग, टीबी, मलेरिया, मानसिक रोग, परिवार कल्याण परामर्श सेवाएं ,गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। सोनोग्राफी , रेडियोलॉजी, ईसीजी, इको टेस्ट, पैथोलॉजी जांच एवं दवाइयों की व्यवस्था निःशुल्क रहेगी। इसके साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत हितग्राहियों की विशिष्ट स्वास्थ्य आईडी आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (आभा आईडी) बनाई जाएगी एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र हितग्राहियों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए जाएंगे। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने के लिए मेडिकल बोर्ड भी उपलब्ध रहेगा।

# नर्मदा एक्सप्रेस और सिंगरौली-भोपाल निरस्त

## हावड़ा-भोपाल सहित 9 ट्रेनों के मार्ग बदले

**भोपाल, देशबन्धु।** जबलपुर मंडल में प्री-नॉन/नॉन इंटर लॉकिंग कार्य के चलते 3 ट्रेनें निरस्त की गई है, जबकि 9 ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं।

रेलवे से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिम मध्य रेल जबलपुर मंडल के न्यू कटनी जंक्शन बी केबिन पर एवं न्यू कटनी जंक्शन में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग एवं यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किए जाने के लिए प्री नॉन/नॉन इंटर लॉकिंग का कार्य किया जाना है। जिसके चलते 3 ट्रेनों को कैंसिल किया गया और कुछ ट्रेनों के मार्ग बदले गए हैं। इनमें बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस 1 से 5 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। इसी प्रकार बिलासपुर-भोपाल एक्सप्रेस 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। वहीं भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस 21 सितंबर से 6 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी। भोपाल-सिंगरौली द्वि-साप्ताहिक एक्सप्रेस 30 सितंबर एवं 4 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी जबकि, सिंगरौली-भोपाल द्विसाप्ताहिक एक्सप्रेस 3 अक्टूबर एवं 5 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

उधर दुर्ग-भोपाल अमरकंटक एक्सप्रेस 29 सितंबर से 3 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया दुर्ग-गोंदिया-नागपुर-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। जबकि, भोपाल-दुर्ग अमरकंटक एक्सप्रेस 30 सितंबर से 4 अक्टूबर तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग से जाएगी। इसी प्रकार हावड़ा-भोपाल साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वारोड-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा होकर गंतव्य को जाएगी। जबकि, भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस 4 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। वहीं कोलकाता-अहमदाबाद साप्ताहिक एक्सप्रेस 30 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वारोड-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा होकर गंतव्य को जाएगी। इसी प्रकार संत्रागाछी-अजमेर साप्ताहिक एक्सप्रेस 29 सितंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया गढ़वारोड-पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन-प्रयागराज छिवकी-कटनी मुड़वारा होकर गंतव्य को जाएगी। जबकि अजमेर-संत्रागाछी साप्ताहिक एक्सप्रेस 1 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान परिवर्तित मार्ग से जाएगी। वहीं पुरी-वलसाड साप्ताहिक एक्सप्रेस 1 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग वाया बिलासपुर-रायपुर-गोंदिया-नागपुर-इटारसी होकर गंतव्य को जाएगी। इसी तरह मदार जंक्शन-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस 2 अक्टूबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से प्रस्थान कर परिवर्तित मार्ग होकर गंतव्य को जाएगी।

# विद्यापीठ ग्रुप में बीएमए चैप्टर की शुरूआत




**भोपाल, देशबन्धु।** विद्यापीठ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट भोपाल में नए प्रवेशित छात्रों के लिए इंडक्शन प्रोग्राम 2023 संचालित किया जा रहा है, जो 15 सितम्बर तक रहेगा। इस कार्यक्रम में आज भोपाल मैनेजमेंट एसोसिएशन की तरफ से विद्यार्थियों के लिए बीएमए चैप्टर की शुरूआत कर, विभिन्न गतिविधियों के बारे में छात्रों को जानकारी दी गई। बीएमए की ओर से महेन्द्र जोशी एवं एन के छिब्बर द्वारा छात्रों को अभिप्रेरित किया। विद्यापीठ ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ राजीव आर्या द्वारा बीएमए चैप्टर की शुरूआत एवं सभी को बधाई दी गई।

## प्रतिभा योजना के आवेदन की अंतिम तारीख आज

भोपाल, देशबन्धु। जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा प्रतिभा योजना के अंतर्गत अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को लाभान्वित करने हेतु 15 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक ने बताया कि प्रतिभा योजना का लाभ अनुसूचित जनजाति के ऐसे विद्यार्थियों को दिया जाएगा जिन्होंने योजना में उल्लेखित पाठ्यक्रमों में राष्ट्रीय संस्थाओं में प्रवेश लिया है। ऐसे विद्यार्थी प्रतिभा प्रोत्साहन राशि का लाभ प्राप्त किए जाने के लिए एमपी टास पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अंतिम तिथि 15 सितम्बर निर्धारित की गई है।

# पुतुल समारोह में बोलते गुड्डे की प्रस्तुति



**भोपाल, देशबन्धु।** जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी द्वारा मध्यप्रदेश जनजातीय संग्रहालय में कठपुतली कला की विविध शैलियों पर एकाग्र पुतुल समारोह का आयोजन किया गया है। समारोह में छाया, छड़, दस्ताना, धागा और अनेक आधुनिक प्रयोगों के स्थापित कठपुतली कलाकार शामिल हो रहे हैं।

समारोह में दूसरे दिन कार्यक्रम की शुरूआत निदेशक, जनजातीय लोक कला एवं बोली विकास अकादमी डॉ. धर्मेंद्र पारे द्वारा कलाकार के स्वागत से की गई। इसके बाद रामदास एवं साथी द्वारा प्रस्तुति दी गई। दोपहर में मुकेश भारती एवं साथी, भोपाल द्वारा कठपुतली प्रदर्शन किया गया। वहीं समारोह की संध्या में बोलते गुड्डे शैली में रामदास पाध्ये एवं साथी, मुंबई द्वारा कैरीऑन इंटरटेनमेंट की प्रस्तुति दी गई। प्रस्तुति के दौरान उन्होंने बोलती कठपुतलियों और गुड्डे का प्रयोग कर शब्द भ्रम की कला को प्रस्तुत किया। इस प्रस्तुति में छड़. दस्तान, धागा, आधुनिका शैली की कठपुतलियों के माध्यम से हंसी-मजाक, चुटकुले, कविता, गीतों को प्रस्तुत किया। प्रस्तुति में कठपुलती कहती है कि हर बड़ी चीज से छोटी अच्छी होती है, बैग से पर्स अच्छी होती है, डॉक्टर से नर्स अच्छी होती है। समारोह के तीसरे दिन 15 सितंबर को धागा और समकालीन शैली में गणपत सखाराम मसगे एवं साथी, सिंधुदुर्ग द्वारा लंकादहन की प्रस्तुति का संयोजन किया जायेगा। वहीं 16 सितंबर को दस्ताना, छड़, धागा शैली में विभाष उपाध्याय एवं साथी, भिलाई द्वारा चरणदास चोर और पण्डवानी, 17 सितंबर को धागा, छड़ और छाया शैली में बिनिता देवी एवं साथी, गुवहाटी रावण वध एवं तेजीमल कथा की प्रस्तुति दी जायेगी।

**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति**
**हरदा, जिला-हरदा (म.प्र.)**

क्र./मंडी/निर्माण/23-24/1586 हरदा, दिनांक : 13.09.2023

**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रमुख अभियंता म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त (केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली) पंजीकृत निविदाकारों से प्रतिशत दर आधार पर सिस्टम निविदा क्रमांक 2023_MPSAM_307785_1, 2023_MPSAM_307786_1, 2023_MPSAM_307787_1, 2023_MPSAM_307788_1 के अन्तर्गत ऑनलाइन निविदायें **दिनांक 09.10.2023 को शाम 5:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।

**नोट:-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/112024/2023 सचिव

**YES BANK** **यस बैंक लिमिटेड**
**शाखा कार्यालय:** वार्ड नं.8, आरएम टॉवर म्यूनिसिपल नं.269, गोराकुण्ड चौराहा, राजवाड़ा के पास, महात्मा गांधी रोड, इन्दौर (म.प्र.) 452001

**आधिपत्य सूचना** [नियम – 8(1) अचल संपत्ति हेतु ]

**यस बैंक लिमिटेड** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 9 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त अधिकारों के अनुसरण में, नीचे विस्तार में वर्णित ऋणी को मांग सूचना पत्र जारी किया था जिसके तहत उक्त 13(2) धारा के अंतर्गत सूचना के प्राप्त होने की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का भुगतान करने के लिए कहा गया था। ऋणी द्वारा संपूर्ण धनराशि न चुकाए जाने पर, एतद्द्वारा ऋणी को एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त नियमों के नियम 9 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अधीन उन्हें दिए गए अधिकारों के अनुसरण में यहाँ वर्णित संपत्ति का **सांकेतिक कब्जा** ले लिया है। विशेष रूप से ऋणी एवं सामान्य रूप से जनसाधारण को एतद्द्वारा सतर्क किया जाता है कि संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा न करें एवं संपत्ति के साथ किसी प्रकार का सौदा यहाँ वर्णित राशि का उस पर अनुबंधित दर से ब्याज एवं लागत के भुगतान के साथ यस बैंक लिमिटेड को चुकाए जाने के अधीन किया जाएगा।

| क्रं. | ऋणी/सह-ऋणी एवं बंधककर्ता का नाम | ऋण खाता संख्या एवं कस्टूमर आईडी | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण | बकाया राशि (रु.) | 13 (2) सूचना के अनुसार दिनांक / पुनः कब्जे की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | हसिन उद्दीन | AFH01190 0778310 | प्लॉट नं. 681-बी, हॉउसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बेरासिया रोड, वार्ड नं. 78, भोपाल (म.प्र.) | ₹ 15,37,521.87/- | 21-06-2023 12-09-2023 |
| 2 | ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव | MOR01190 0644198 | प्लॉट नं. 13, शारदा नगर, ग्राम लंबाखेड़ा, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) | ₹ 15,81,051.84/- | 02-06-2023 12-09-2023 |

अधिनियम की धारा 13(8) में अपेक्षित अनुसार, हमारे द्वारा खर्च किए गए सभी लागत, प्रभार एवं व्यय के साथ हमारी बकाया राशि का भुगतान, बिक्री या स्थानांतरण की निर्दिष्ट तिथि से पहले किसी भी समय कर दिया जाता है, तो हमारी ओर से प्रतिभूत संपत्ति का विक्रय या स्थानांतरण नहीं किया जाएगा एवं उक्त प्रतिभूत परिसंपत्ति के स्थानांतरण या बिक्री के लिए हमारी ओर से आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।

**दिनांक : 12-09-2023**
**स्थान : भोपाल**

हस्ते/-
प्राधिकृत अधिकारी
यस बैंक लिमिटेड

# साइबर सिक्योरिटी पर पाठ्यक्रम हेतु अनुबंध



**भोपाल, देशबन्धु।** अपर मुख्य सचिव तकनीकी शिक्षा एवं कौशल विकास रोजगार विभाग मनु श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एवं अध्यक्ष मप्र राज्य कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण बोर्ड की उपस्थिति में आईआईटी जोधपुर के साथ भारत सरकार द्वारा प्रायोजित संकल्प योजना अंतर्गत साइबर सिक्योरिटी विषय पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम हेतु अनुबंध किया गया। इस अनुबंध पर आईआईटी जोधपुर के डायरेक्टर शांतनु चौधरी एवं एमपीएसएसडीईजीबी के सीईओ सोमेश मिश्रा के हस्ताक्षर किए। इस पाठ्यक्रम में मध्यप्रदेश में अध्ययनरत शासकीय इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक कॉलेजों के छात्रों को पात्रता होगी। इस पाठ्यक्रम का शुल्क साढ़ 13 हजार रूपए रखा गया है। इस पर बोर्ड द्वारा संकल्प योजना के माध्यम से प्रति प्रशिक्षणार्थी 10 हजार अथवा अधिकतम शुल्क राशि का 75 फीसदी वहन किया जायेगा। ग्लोबल स्किल पार्क सिटी सेंटर में उक्त अनुबंध के अवसर पर आरजीपीवी के वाइस चांसलर श्री गुप्ता, तकनीकी शिक्षा आयुक्त मदन नागरगोजे, मैनिट के डायरेक्टर श्री शुक्ला, आईआईआईटी के डायरेक्टर सहित शासकीय इंजीनियरिंग एवं पॉलिटेक्निक के प्राचार्य एवं एचओडी ऑनलाइन उपस्थित हुए।

**न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
**(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./ 346 दिनांक 11.05.1983)**

क्रमांक/2023/क्यू-2 दिनांक 14/09/2023

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल की वार्षिक आमसभा दिनांक 29/09/2023 समय 12:30 बजे स्थान-सी.एम.ई. हॉल, जे.के. हास्पिटल, कोलार रोड, भोपाल पर आयोजित की गई हैं जिसमें आपकी उपस्थिति आवश्यक प्रार्थनीय है।

संस्था के सभी अंशधारी सदस्यों को साधारण डाक द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किया जा चुका है। कोविड-2019 के संबंध में शासन/प्रशासन के द्वारा जारी किये गये मापदण्डों, दिशा निदेशों का पालन करना अनिवार्य हैं।

**अध्यक्ष**
**न्यू वल्लभ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

**एस.बी.आई. स्टाफ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**
**(पंजीयन क्रमांक/डी.आर.बी./ 45 दिनांक 20.08.1971)**

क्रमांक/2023/क्यू-2 दिनांक 14/09/2023

**वार्षिक साधारण सभा की सूचना**

संस्था के समस्त सम्माननीय सदस्यों को सूचित किया जाता है कि एस.बी.आई. स्टाफ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल की वार्षिक आमसभा दिनांक 29/09/2023 समय 11:30 बजे स्थान-सी.एम.ई. हॉल, जे.के. हास्पिटल, कोलार रोड, भोपाल पर आयोजित की गई हैं जिसमें आपकी उपस्थिति आवश्यक प्रार्थनीय है।

संस्था के सभी अंशधारी सदस्यों को साधारण डाक द्वारा सूचना पत्र प्रेषित किया जा चुका है। कोविड-2019 के संबंध में शासन/प्रशासन के द्वारा जारी किये गये मापदण्डों, दिशा निदेशों का पालन करना अनिवार्य हैं।

**अध्यक्ष/उपाध्यक्ष**
**एस.बी.आई. स्टाफ गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी अरविंद विहार बागमुगलिया भोपाल में स्थित भूखण्ड क्रं. एम-400 मंडल द्वारा श्रीमति प्रेमा जैमिनी पत्नि स्व.श्री जयकृष्ण जैमिनी के नाम आवंटन आदेश क्रं. 7237-38 दिनांक 11.06.1992 जारी है। एवं विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 24.05.1995 को पंजीकृत है। श्री सुनील कुमार जैमिनी आत्मज स्व. श्री जयकृष्ण जैमिनी द्वारा आवेदन- पत्र, स्व. श्रीमति प्रेमा जैमिनी का मृत्यु प्रमाण पत्र-पत्र, शपथ-पत्र, परिचय-पत्र एवं पंजीकृत वसीयत की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त भूखंड क्रं. एम.-400 अरविंद विहार बागमुगालिया भोपाल को अपने नाम नामांतरण करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2, भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी एमराल्ड पार्क सिटी बागसेवनिया भोपाल में स्थित भवन क्रं. 90 एच.आई.जी. सुपर डिलक्स सी. मंडल द्वारा श्रीमति राजकुमारी बाई पत्नि श्री कन्हैयालाल कुचबंदिया के नाम आवंटित है। एवं विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 29.09.2022 को पंजीकृत है। इनके द्वारा उक्त भवन श्री गौरव चतुर्वेदी आत्मज श्री माधव किशोर चतुर्वेदी एवं श्रीमति कनिका सुहाग पत्नि श्री गौरव चतुर्वेदी के नाम विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 23.08.2023 को पंजीकृत कराया गया है। श्रीमति राजकुमारी बाई पत्नि श्री कन्हैयालाल कुचबंदिया एवं श्री गौरव चतुर्वेदी आत्मज श्री माधव किशोर चतुर्वेदी, श्रीमति कनिका सुहाग पत्नि श्री गौरव चतुर्वेदी द्वारा आवेदन-पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय-पत्र एवं विक्रय-पत्र की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुए उक्त भवन श्री गौरव चतुर्वेदी आत्मज श्री माधव किशोर चतुर्वेदी, एवं श्रीमति कनिका सुहाग पत्नि श्री गौरव चतुर्वेदी के नाम हस्तांतरण करने हेतु निवेदन किया गया है। जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**कार्यालय संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-2, अयोध्या नगर भोपाल**

**आम सूचना**

बागमुगालिया एक्सटेंशन हाउसिंग बोर्ड कालोनी भोपाल में भवन क्रमांक एच.आई.जी.-4 ए/4 मण्डल द्वारा श्री दयाल दास अग्रवाल आत्मज स्व. श्री गोविन्द दास अग्रवाल के नाम पर आवंटित किया गया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 15.01.2001 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। क्रेता/विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ-पत्र, संयुक्त शपथ-पत्र, परिचय पत्र एवं मण्डल प्रारूप पर आवेदन प्रस्तुत करते हुए उक्त संपत्ति श्रीमती शिखा तिवारी पत्नी श्री अखिलेश तिवारी के नाम हस्तान्तरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किये गये है एवं उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त संपत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 15.11.2019 को क्रेता के पक्ष में दस्तावेज पंजीकृत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त संपत्ति श्रीमती शिखा तिवारी पत्नी श्री अखिलेश तिवारी के नाम हस्तान्तरण का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।

उक्त संपत्ति के संबंध में यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी या किसी संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अंदर लिखित रूप से मय सबूत के साथ इस कार्यालय को प्रस्तुत करें। समयावधि पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र-2 भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

**आम सूचना**

हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी कटारा हिल्स भोपाल में स्थित भवन क्रं. सीनियर एच.आई.जी. -250 मंडल द्वारा श्री सी.जे. मथाई आत्मज श्री जोसेफ एवं श्रीमति अलेयम्मा मथाई पत्नि श्री सी.जे. मथाई के नाम आवंटित है। एवं विक्रय-पत्र पंजीयन कार्यालय में दिनांक 20.10.2003 को पंजीकृत है। श्रीमति अलेयम्मा मथाई पत्नि श्री सी.जे. मथाई द्वारा स्व. श्री सी.जे. मथाई का मृत्यु प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करते हुये उक्त भवन क्रं. सीनियर एच.आई.जी.-250 कटारा हिल्स भोपाल से स्व. श्री सी.जे. मथाई का नाम विलोपित करते हुए उक्त भवन श्रीमति अलेयम्मा मथाई पत्नि स्व. श्री सी.जे. मथाई एवं श्री सुनीत जोसेफ मैथ्यु आत्मज स्व. श्री सी.जे. मथाई के नाम नामांतरण करने हेतु आवेदन-पत्र, मंडल द्वारा निर्धारित आवेदन-पत्र, शपथ-पत्र, परिचय-पत्र प्रस्तुत किये गये है जो कि इस कार्यालय में विचाराधीन है।

यदि किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी एवं संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित दिनांक से 15 दिवस के अंदर आपत्ति सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**संपदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल जोन क्रं.-2 भोपाल**

देशबन्धु

भोपाल, शुक्रवार 15 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## लोकतंत्र में घटती आस्था चिंताजनक

लोकतंत्र को अब तक की सबसे अच्छी शासन प्रणाली माना गया है। ज्यादातर देश इसे पाने या बनाये रखने की रात-दिन कोशिशें कर रहे हैं लेकिन विश्वप्रसिद्ध ओपन सोसायटी फाऊंडेशन (ओएसएफ) की हालिया वह सर्वे रिपोर्ट चिंताजनक है जिसमें दुनिया के 42 प्रतिशत युवा अपने देशों में लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। यह बदलती पसंद सारी दुनिया के लिये एक खतरनाक वैचारिक ट्रेंड हो सकता है। इस लिहाज से सर्वे रिपोर्ट यह संदेश भी देती है कि जिन लोगों पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को चलाने की जिम्मेदारी हैं, उन्हें ईमानदारी और समर्पण भाव से अपने उत्तरदायित्वों का निर्वाह करने की आवश्यकता है- फिर वे चाहें सरकारें हों, संवैधानिक संस्थाएं हों, विपक्षी दल अथवा नागरिक हों। लोकतंत्र अगर लोगों की पहली वरीयता नहीं रह जाता तो निसंकोच यह माना जा सकता है कि दुनिया एक खतरनाक मोड़ पर जा खड़ी हुई है।

यह फाऊंडेशन प्रसिद्ध अमेरिकी सांसद जॉर्ज सोरोस द्वारा स्थापित किया गया है जिसके लिये उन्होंने अपना 320 करोड़ अमेरिकी डॉलर देकर इसका काम दुनिया भर में फैलाया है। यह संस्था गैर बराबरी समाप्त करने की दिशा में काम करती है। सोरोस पिछले दिनों भारत में उस समय चर्चा में आये थे जब उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मित्र कारोबारी गौतम अदानी की कारगुजारियों पर सवाल उठाते हुए एक तरह से संकेत दिये थे कि भारत में निवेश सुरक्षित नहीं है। बहरहाल, जिस ओएसएफ सर्वे की यहां बात है वह 30 देशों में किया गया जिसके अनुसार 18 से 35 वर्ष के युवा अपने देशों में लोकतंत्र नहीं बल्कि सैन्य शासन चाहते हैं। साथ ही, 35 साल से अधिक उम्र के लोग सोचते हैं कि गरीबी, असमानता, जलवायु परिवर्तन आदि विषयों से निपटने में लोकतांत्रिक सरकारें सक्षम नहीं हैं। सबसे गम्भीर तथ्य जो उभरकर आया है वह यह कि केवल 30 फीसदी लोगों का ही अपनी सरकारों में भरोसा है। सरकारों में अविश्वास उन्हें लोकतांत्रिक पद्धति में भी अनास्था की ओर ढकेल रहा होगा।

ओएसएफ के अध्यक्ष मार्क मैलक ब्राउन की यह चिंता वाजिब है जिसमें वे कहते हैं कि 'हालात चिंताजनक हैं। पीढ़ी-दर-पीढ़ी लोगों की आस्था लोकतंत्र में घटती जा रही है। युवाओं को लगता है कि लोकतंत्र उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम नहीं है।' यह सोचना होगा कि इन देशों के नागरिकों, खासकर युवाओं के दृष्टिकोण में ऐसा परिवर्तन किसलिये आया है। बमुश्किल कुछ ही दशकों पहले से लोकतंत्र सारी दुनिया की सबसे पसंदीदा शासन प्रणाली बनी है। जहां इस व्यवस्था को पहले-पहल लागू किया गया, उन्होंने मानवीय विकास की सुनहरी इबारतें लिखीं। इन्हें परिपक्व लोकतांत्रिक देशों के रूप में देखा जाता है। इनमें अमेरिका, कनाडा, न्यूज़ीलैंड, तमाम यूरोपीय देश हैं। कुछ एशियाई, लातिन अमेरिकी, यहां तक कि अफ्रीकन देश भी हैं जिनमें यह प्रणाली बहुत मजबूत तो नहीं है लेकिन उन्होंने इसे बनाये रखा है तथा उसे बनाये रखना वहां के नागरिक अपने हित में समझते हैं। उनकी लोकतंत्र में आस्था बनी हुई है। इनमें बहुत से ऐसे मुल्क भी हैं जहां निर्वाचित सरकार को सैन्य तानाशाह पलटकर सत्ता पर काबिज हो लेते हैं। उन देशों में लोकतांत्रिक सरकारें कभी आती हैं तो कभी सैनिक शासन द्वारा बर्खास्त कर दी जाती हैं। भारत के कई पड़ोसी मुल्कों में ऐसा हुआ है। बांग्लादेश में ऐसा हुआ, पाकिस्तान ने भी इसका अनुभव किया और अभी म्यांमार में चुनी हुई सरकार को कूड़ेदान में डालकर सैनिक जुंटा सत्ता पर काबिज है। ऐसे भी देश हैं जहां एक दलीय शासन प्रणाली है- रूस, चीन, उत्तरी कोरिया आदि। सम्भवत: इस तरह के देशों के नागरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था की कीमत अधिक जानते होंगे।

जैसा कि भारत के संविधान निर्माता बीआर अंबेडकर ने प्रारूप सौंपते हुए संविधान सभा में अपने भाषण में कहा था कि उन्होंने तो संविधान बना दिया है लेकिन यह लागू करने वालों पर निर्भर करेगा कि वे इसे किस तरह से लागू करते हैं। लगभग यही बात लोकतांत्रिक प्रणाली पर भी लागू होती है। ज्यादातर समाज वैज्ञानिक व राजनीतिशास्त्र के जानकार स्वीकार करते हैं कि अब तक विश्व ने इससे बेहतर कोई शासन प्रणाली ईज़ाद नहीं की है। यह सच भी है। व्यक्तिगत और सामूहिक विकास की जो गुंजाइशें इस राजनीतिक व्यवस्था में उपलब्ध हैं, वे अन्य अन्य किसी भी प्रणाली में नहीं हैं। 'लोगों की लोगों के द्वारा लोगों के लिये' कही जाने वाली यह बेहतरीन पद्धति दुनिया की तरक्की, सामाजिक सौहार्द्र, नागरिक आजादी, बन्धुत्व और विश्व शांति व एकजुटता के लिये सर्वाधिक अनुकूल है। शेष अन्य शासन पद्धतियां अपवाद स्वरूप कहीं-कहीं और वह भी थोड़े काल के लिये अच्छी साबित हुई होंगी परन्तु व्यापक व समग्र रूप से देखें तो अन्य तरह की प्रणालियों ने लोगों का शोषण और उत्पीड़न ही किया है। शासन चलाने के ये तरीके कुछ ही लोगों के लिये फायदेमंद होते हैं। सामूहिक विकास इनसे बिलकुल सम्भव नहीं है। यही कारण है कि पूरी दुनिया ने अन्य पद्धतियों को छोड़कर इसका अंगीकार किया है।

यह सर्वे भारत के सन्दर्भों में भी प्रासंगिक है जहां एक खास मकसद से लोकतंत्र के खिलाफ स्वर उठवाए जाने लगे हैं। लोगों में एक नयी अभिरुचि परिलक्षित हो रही है जिसमें लोकतंत्र को खारिज कर तानाशाही की बात की जाती है। बताया जाता है कि लोकतंत्र कुछ लोगों के तुष्टिकरण के लिये देश में लागू किया गया है। साथ ही लोकतंत्र को एक सामूहिक परिसम्पत्ति न मानकर उस पर बहुसंख्यक वर्ग व सम्प्रदाय का एकाधिकार जायज कहा जाने लगा है। यह बेहद खतरनाक प्रवृत्ति है जिसके खिलाफ काम किये जाने की आवश्यकता है। लोकतंत्र को जीवित रखना सार्वजनिक हित में है।

# आखिर ये किनके नेता हैं?

ये भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हैं। धोरों यानी रेतीले टीलों की धरती से आते हैं और एक बड़ा ही शीतल और निर्मल विभाग उनके पास है। वे जल संसाधन मंत्री हैं और राजस्थान के भावी मुख्यमंत्री होने की ख्वाहिश रखते हैं। ऐसा हो भी सकता है लेकिन क्या जनता अपने नेता की सभा में 'ज़ुबान खींच ली जाएगी' और 'आंखें निकाल लेंगे' जैसे शब्द सुनने के लिए आती है? बाड़मेर के धोरीमन्ना में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने ऐसी ही भाषा का प्रयोग किया। इसके पहले वे राजस्थान सरकार के एक मंत्री को 'अरब सागर में फेंकने' की बात कर चुके हैं और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को 'रावण' भी कह चुके हैं। ऐसी भाषा जब परिवर्तन यात्राओं में इस्तेमाल होगी तो आप किस हक़ से जनता से उम्मीद करते हैं कि वह शांत रहे? फिर, हरियाणा के नूंह और महाराष्ट्र के सतारा में हुई हिंसा को आप कैसे रोक सकते हैं? आख़िर बात-बात पर ये नेता इस क़दर उत्तेजित क्यों होते हैं? बुद्ध, विवेकानंद और बापू के देश में क्या अब नेताओं में बातचीत का यही सलीका रह गया है?

अब से 130 साल पहले शिकागो में 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की प्रतिष्ठा में जो कहा था, लगता है उसे इन नेताओं ने पूरी तरह से भुला दिया है। सभा में मौजूद पूरी अंतरराष्ट्रीय बिरादरी का दिल जीत लेने वाले उस ऐतिहासिक व्याख्यान की प्रारंभिक पंक्तियां थीं- 'मैं एक ऐसे धर्म का अनुयायी होने में गर्व का अनुभव करता हूं जिसने संसार को सहिष्णुता तथा सार्वभौमिकता की शिक्षा दी। हम लोग सभी धर्मों के प्रति केवल सहिष्णुता में ही विश्वास नहीं करते, समस्त धर्मों को सच्चा मानकर उन्हें स्वीकार करते हैं। मुझे एक ऐसे देश का इंसान होने का अभिमान है जिसने इस पृथ्वी के समस्त धर्मों और समस्त उत्पीड़ितों-शरणार्थियों को आश्रय दिया है।' कितने कमाल की बात है कि जिस सभा में सब अपने धर्म की श्रेष्ठता साबित करना चाह रहे थे वहां स्वामी जी ने सब धर्मों के सत्य को स्वीकारने वाले हिंदू धर्म की इस ख़ूबी को बताकर उसे हर प्रतिस्पर्धा से ऊपर स्थापित कर दिया। आज के ये नेता चाहे तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक मुनेत्र कषगम (डीएमके) के उदयनिधि स्टालिन हों या भारतीय जनता पार्टी के गजेंद्र सिंह शेखावत जो केवल अपनी तत्कालीन राजनीतिक रोटियां सेंकने में लगे हैं, इनमें से किसी को भी इल्म है कि वे किस महान विरासत को धूमिल कर रहे हैं।

करूणानिधि के पोते और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन का यह बयान कि 'सनातन धर्म को जड़ से ख़त्म किया जाना चाहिए और मच्छर, डेंगू, मलेरिया और कोरोना ये कुछ ऐसी चीज़ें हैं, जिनका केवल विरोध नहीं किया जा सकता बल्कि उन्हें ख़त्म करना ज़रूरी होता है', दरअसल सनातन संस्कृति के बारे में दक्षिण के बड़े विचारकों का मानना है कि यह समानता की पैरोकार नहीं है और इससे वंचित समाज को बराबर के हक़ नहीं मिल पाते। तमिलनाडु की राजनीति में इसका असर साफ़ देखा जा सकता है, ख़ासकर द्रविड़ राजनीति ने इसे अपने ख़िलाफ़ माना। आर्य और द्रविड़ विवाद कोई आज का नहीं है। तमिलनाडु का राजनीतिक इतिहास बताता है कि इसकी शुरुआत पिछली सदी के दूसरे दशक से हुई जब वहां के नेताओं ने तमिलनाडु के निवासियों को द्रविड़ मानते हुए उन्हें उत्तर भारत के आर्यों से अलग कहा था। पेरियार और रामास्वामी के नेतृत्व में बदलाव की जबरदस्त लहर चली और आगे जो राजनीतिक आंदोलन कायम हुआ वह 'द्रविड़ मुनेत्र कषगम' कहलाया। सत्तर के दशक से हर चुनाव में प्रदेश की सत्ता दो दलों डीएमके और अन्ना डीएमके के हाथ में रही और वे उच्च वर्ग विरोधी रुख के कारण सत्तासीन होते रहे। समझना मुश्किल नहीं होना चाहिए कि आम जनता को इससे ताकत मिली, भरोसा मिला। दक्षिण के इस नेरेटिव से भाजपा में उत्तर भारत में लाभ लेने की इच्छा बलवती हुई और इसीलिये सरकार के मंत्री इस कदर हिंसक बयान दे रहे हैं। अच्छी बात यह हुई है कि अब मुख्यमंत्री स्टालिन और इंडिया गठबन्धन ने इस मुद्दे पर कोई भी बयान देने से इंकार कर दिया है और इसे यहीं समाप्त करने का फैसला लिया है।

सच है कि भारतीय जनता पार्टी को यह मुद्दा तश्तरी में रखकर मिला था। हिन्दू-मुसलमान की सियासत करने वाली भाजपा को कतई परेशानी नहीं है कि उसे उत्तर के लिए दक्षिण से भी बैर क्यों न करना पड़े और दांव पर क्यों न बहुसंख्यक वर्ग ही हो। नफ़रत, बहस, लड़ाई वर्तमान भारतीय राजनीति का यही आधार बना हुआ है। चुनाव करीब हैं, लिहाज़ा विश्व हिन्दू परिषद 30 सितंबर से 15 अक्टूबर तक शौर्य जागरण यात्राओं का संचालन करेगी और उसके धर्म योद्धा देश भर में घूमेंगे। ये स्वामी विवेकानंद की विरासत को लेकर नहीं चलेंगे बल्कि ये बताएंगे कि 'लव जेहाद' क्या है और जो कोई कथित जेहादी हो भी गया है यानी किसी और धर्म- इस्लाम या ईसाईयत को अपना चुका है, ऐसे में उसकी 'घर वापसी' कैसे होगी। बंटवारे का दावानल सुलगता रहना चाहिए और उसमें आग उगलते बयानों का पेट्रोल भी पड़ते रहना चाहिए। ये बयान जब सरकार के मंत्री देते हैं तो मतदाता को चिंतित अवश्य होना चाहिए कि उसका कीमती मत और टैक्स उसके कल्याण में खर्च होगा या परिवर्तन रैलियों में ज़हर उगलेगा? रैलियां करना अधिकार है लेकिन कानून-व्यवस्था को देखना होगा कि इसके ज़रिये अनावश्यक उकसाने और नीचा दिखाने का उपक्रम न हो, जैसा कि पिछले दिनों नूंह की सांप्रदायिक हिंसा में हुआ। अच्छी बात यह है कि इससे जुड़े एक आरोपी मोनू मानेसर को गिरफ्तार कर राजस्थान पुलिस को सौंप दिया गया है जिस पर दो लड़कों की हत्या का इलज़ाम भी है।



वर्षा भम्भाणी मिर्ज़ा

हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना।

क्या सत्ता कभी इस बात पर विचार नहीं करती कि ऐसे मुद्दों से देश में केवल तनाव पैदा होता है, अफवाहें सर उठाती हैं और लोग सांप्रदायिक हिंसा का शिकार होकर अपनी जान गंवा देते हैं। महाराष्ट्र के सातारा ज़िले के एक गांव में एक सोशल मीडिया पोस्ट से एक व्यक्ति की जान चली गई और दस से ज़्यादा घायल हो गए। कई शहरों की ऐसी ही दर्द भरी दास्तानें हैं। इंटरनेट बंद कर दिया जाता है, स्कूल-कॉलेज बंद हो जाते हैं। क्यों इक्कीसवीं सदी के वैज्ञानिक युग में ऐसा हो रहा है? एक तरफ हम चांद पर पहुंच कर आल्हादित हो रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर हमारे ही देश का दुखद सच यह है कि धर्म के नाम पर लोगों की जानें जा रही हैं। क्या इसके लिए देश चुनता है सरकार? ऐसा वादा देश और राज्य की सरकारें जनता से क्यों नहीं करती कि एक भी जान ऐसी पाशविक प्रवृत्ति की वजह से नहीं जाएगी? विविधता से भरे देश में यही पहला वादा होना चाहिए कि किसी भी सांप्रदायिक अथवा सामुदायिक संघर्ष में लोग नहीं मारे जाएंगे। ऐसा कैसे संभव है? इसका जवाब बुद्ध और महात्मा गांधी से मिलता है- दुखी व गरीब की सेवा और हर विविधता का आदर।

सच है कि जब तक गांधीजी रहे, राष्ट्रीयता की हमारी समझ को उनसे राह मिलती रही; क्योंकि उन्होंने भी अपना धर्म 'अहिंसा' ही माना था। जैनेन्द्र कुमार अपने लेख में लिखते हैं- 'समस्यांए आती थीं लेकिन उनके भीतर ऐसा समाधान हो जाता था कि कोई कठिनाई उन्हें नहीं होती थी। अपनी आत्मा के रह कर, सबके बनते जाने में उन्हें कोई मुश्किल नहीं हुई। सबके होने में उन्हें अपनी मर्यादा छोड़ने की ज़रूरत नहीं थी। अंत तक कहा कि मैं सनातन हिन्दू वैष्णव हूं, उसी में से सब धर्म मुझे समान बनाते हैं। वे सब मेरे हैं, मैं उनका हूं। मेरा वैष्णवत्व मुझे यह सिखाता है। मतभेद उनके सामने भी आए, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की ओर से भी आए। तब महात्मा गांधी ने उन्हें तोड़ा या गलाया नहीं, जस का तस उनकी ओर भेज दिया। गांधीजी अपनी तरह जी कर, हमारी आंखों को खोल देने वाली जीवन नीति रख गए लेकिन उस मानव नीति की भूमिका पर हमारा काम नहीं चल सका। राजनीति का बोलबाला रहा और राजनीतिक अधिकारों की चाह और मांग से वातावरण गर्म बना रहा।

हमारा दुर्भाग्य कि आज भी यही सब हो रहा है, कोई नेता नहीं जो महात्मा गांधी की तरह मतभेद की पुड़िया को जस का तस लौटाकर अपना मन ज़ाहिर कर दे। हर एक को तुरंत लाभ कमाना है, कूदना है। उत्तर से दक्षिण तक यही हाल है। ये नेता किनके नेता हैं जिनमें बस अपना स्वार्थ बसता है? किसी में लेशमात्र भी गांधी का अक्स दिखे तो आप उसे अपना प्रत्याशी चुन लेना। फिर इधर-उधर जाने की ज़रुरत नहीं। वह किसी भी दल में हो सकता है।

**(लेखिका स्वतंत्र पत्रकार हैं)**

# जी-20 शिखर सम्मेलन में परमाणु हथियार उन्मूलन पर बातचीत न होना निराशाजनक

■ **डॉ. अरुण मित्रा**

बहुत धूमधाम से प्रचारित जी 20 शिखर सम्मेलन निरस्त्रीकरण और परमाणु हथियारों के उन्मूलन की किसी प्रतिबद्धता के बिना समाप्त हो गया। इस शिखर सम्मेलन से कई उम्मीदें थीं क्योंकि यह रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध की पृष्ठभूमि में आयोजित किया गया था; और यह भारत में आयोजित किया गया था जो परमाणु हथियार मुक्त दुनिया का एक मजबूत नायक रहा है। अत: यह महसूस किया गया था कि निरस्त्रीकरण एवं शांति के मुद्दों पर कुछ ठोस निर्णय लिये जायेंगे।

घोषणा में युद्ध के मानवीय परिणामों पर चिंता व्यक्त की गई है। घोषणापत्र के पृष्ठ 2 पर बिंदु 7 में कहा गया है- 'हम अत्यधिक मानवीय पीड़ा और दुनिया भर में युद्धों और संघर्षों के प्रतिकूल प्रभाव पर गहरी चिंता के साथ ध्यान देते हैं।' इसी पृष्ठ पर बिंदु संख्या 8 में घोषणा में उल्लेख किया गया है कि 'परमाणु हथियारों का उपयोग या उपयोग की धमकी अस्वीकार्य है'। इसलिए यह उम्मीद करना लाजमी था कि रूस यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और परमाणु हथियारों के उन्मूलन के लिए कुछ ठोस कदम उठाये जायेंगे जो आज मानव जाति के अस्तित्व के लिए खतरा बने हुए हैं।

जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।

जी 20 शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के प्रमुखों या उनके प्रतिनिधियों की बैठक है। रूस यूक्रेन युद्ध ख़त्म करने के लिए ठोस निर्णय लेने का अधिकार उनके पास है। लेकिन जारी घोषणा पृष्ठ 2 बिंदु 8 पर लिखा है 'यूक्रेन में युद्ध के संबंध में... हमने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और संयुक्त राष्ट्र महासभा (ए/आरईएस/ईएस-11/1 और ए) में अपनाये गये अपने राष्ट्रीय पदों और प्रस्तावों को दोहराया /आरईएस/ईएस-11/6)' ये प्रस्ताव रूसी आक्रमण की निंदा करते हैं लेकिन कहीं भी अमेरिका और नाटो की स्पष्ट भागीदारी का उल्लेख नहीं करते हैं जो युद्ध को जारी रखने और ऐसी स्थिति पैदा करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की बड़ी खेप की आपूर्ति कर रहे हैं कि युद्ध ख़त्म करने के लिएकोई सार्थक बातचीत नहीं हो सके।

जी 20 में कुल नौ में से छह परमाणु हथियार रखने वाले देश थे। संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के पास दुनिया के लगभग 90प्रतिशत परमाणु हथियार हैं। यह वह अवसर था जहां चर्चा का जोर परमाणु हथियारों को खत्म करने और अस्तित्व पर खतरे से बचने के लिए उठाये जाने वाले कदमों पर हो सकता था।

परमाणु युद्ध की रोकथाम के लिए अंतरराष्ट्रीय चिकित्सकों (आईपीपीएनडब्ल्यू) द्वारा भौतिकविदों, जीवविज्ञानियों, जलवायु विज्ञानियों और अन्य वैज्ञानिकों के सहयोग से किये गये एक अध्ययन 'परमाणु अकाल' ने साक्ष्य के साथ दिखाया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच 100 परमाणु हथियारों के उपयोग से भी दो अरब लोगों के जीवित रहने पर खतरा पैदा हो जायेगा। रूस और यूएसए-नाटो के बीच परमाणु आदान-प्रदान से 5 अरब से अधिक लोग मारे जायेंगे और इसका मतलब हजारों वर्षों के मानव श्रम के माध्यम से निर्मित आधुनिक सभ्यता का अंत होगा।

परमाणु हथियारों के निषेध पर संधि (टीपीएनडब्ल्यू) 7 जुलाई 2017 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के सदस्यों के भारी बहुमत से पारित हुई और जो पहले ही लागू हो चुकी है, और यह एक अवसर था जिसे खोना नहीं चाहिए था। उपस्थित देश टीपीएनडब्ल्यू में शामिल होने का निर्णय ले सकते थे और परमाणु हथियारों को खत्म करने के लिए ठोस कदम उठा सकते थे।

शिखर सम्मेलन छोटे हथियारों के प्रसार को रोकने के लिए विस्तृत कदम उठाने में भी विफल रहा। विश्व के कई क्षेत्र विशेषकर अफ्रीकी महाद्वीप में बड़े पैमाने पर सशस्त्र संघर्षों में शामिल हैं। घोषणा में पृष्ठ 28 पर बिंदु 74, छोटे हथियारों और हल्के हथियारों की अवैध तस्करी और खेप पहुंचाने के बारे में चिंता व्यक्त करता है और निर्यात, आयात नियंत्रण और अनुरेखण सहित इन घटनाओं से निपटने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग का आह्वान करता है। हालांकि, इसमें राज्य प्रायोजित आतंकवाद का कोई उल्लेख नहीं है, न ही कानूनी हथियारों की आपूर्ति को नियंत्रित करने पर एक शब्द भी है जो अंतत: दुनिया भर में हिंसा में उपयोग किया जाता है। इस जी 20 बैठक में एकत्र हुए कई देशों की भूमि पर बंदूक उत्पादक उद्योग स्थित हैं। ये सरकारें छोटे हथियारों के प्रसार और व्यापार को रोकने के लिए बहुत अच्छे कदम उठा सकती हैं।

इस संबंध में अंतिम घोषणा अत्यंत निराशाजनक है। भारत आसानी से इस पर बढ़त ले सकता था क्योंकि भारतनॉन एलाइन्डमूवमेंट (नैम) का संस्थापक सदस्य था। 1983 में दिल्ली में आयोजित नैमके सातवें शिखर सम्मेलन में 117 राष्ट्राध्यक्ष और 20 पर्यवेक्षक शामिल थे। यह वर्तमान घटना से कहीं अधिक बड़ी घटना थी। नैमशिखर सम्मेलन में निरस्त्रीकरण, शांति, मानवाधिकार, फिलिस्तीन के मुद्दे और आपसी सहयोग के माध्यम से अविकसित दुनिया के आर्थिक विकास पर गंभीर चर्चा हुई। लेकिन जी 20 में बहस में ऐसे मुद्दों को तवज्जो नहीं दी गयी।

जी 20 सैन्य औद्योगिक परिसर द्वारा लाभ की बढ़ती लालसा का संज्ञान लेने में विफल रहा। कार्यक्रम से एक दिन पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने आगमन पर कहा कि भारत के साथ रक्षा सौदे के लिए यह अच्छा मौका है। संसद सदस्य मनीष तिवारी ने 8 सितंबर 2023 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच द्विपक्षीय बैठक के बाद भारत-अमेरिका संयुक्त बयान पर संदेह जताया है।

बयान में कहा गया है, 'नेताओं ने दूसरे मास्टर शिपरिपेयर एग्रीमेंट के सम्पन्न होने की सराहना की जिसके तरह अमेरिकी नौसेनाऔर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स, लिमिटेड, ने अगस्त 2023 में समझौते पर हस्ताक्षर किये थे। दोनों पक्षों ने आगे तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र के रूप में भारत के उद्भव को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्धता जताई'। इसके साथ ही भारत 'अग्रिम-तैनात अमेरिकी नौसेना संपत्तियों और अन्य विमानों और जहाजों के रखरखाव और मरम्मत के लिए एक केंद्र' के रूप में उभरेगा। अभी तक भारत ने ऐसी किसी भी गतिविधि के लिए अपनी जगह उपलब्ध नहीं कराई है।

## पावन प्रसंग

# निर्द्वन्द्व जीवन का योगपथ

योगशास्त्रों में योगाभ्यास से प्राप्त होने वाली विभिन्न शक्तियों, सिद्धियों व विभूतियों का वर्णन है। नियमित व विधिवत किए गए योगाभ्यास के फलस्वरूप योगियों में असाधारण व अनुपम शक्तियों का प्रादुर्भाव होने लगता है। योगी अणु के समान छोटा या समान छोटे तो कभी पर्वताकार हो जाते थे।

यह सब उनके योगबल का ही परिणाम था। योगी पहाड़ के समान बड़ा बन सकता है। वह अन्य शरीर में प्रवेश कर सकता है। योगमार्ग के साधकों को ये सारी सिद्धियां अनायास ही हस्तगत हो जाती हैं पर असत्य यह भी नहीं है कि जो साधक इन सिद्धियों, शक्तियों, विभूतियों, ऐश्वर्यों के प्रलोभनों में, आकर्षण में पड़कर क्रीड़ा-कौतुक करने लगते हैं, वे योग के चरम तक, शीर्ष तक पहुंच पाने में असफल ही रहते हैं। वे इससे आगे की यात्रा कर ही नहीं पाते।

तप के क्षेत्र में तो असुरों, दानवों द्वारा भी बड़े कठोर तप किए जाने का वर्णन है, पर वे तप से प्राप्त शक्तियों का उपयोग व दुरुपयोग करने के कारण आत्मसाक्षात्कार जैसे महान लक्ष्य की प्राप्ति से सर्वथा वंचित ही रहते थे और तपस्वी होते हुए भी अंतत: विनाश को ही प्राप्त होते थे। वे तप से प्राप्त होने वाली सिद्धियों, शक्तियों के आकर्षण में ही डूबे रह जाते थे। इसके विपरीत देव, ऋषि, संत, योगी आदि तप से प्राप्त होते थे। वे प्राप्त शक्तियों का प्रयोग परपीड़ा व पतन निवारण के लिए ही किया करते थे। साथ ही वे दूसरों को धर्ममार्ग, मोक्षमार्ग पर चलने की प्रेरणा भी दिया करते थे।

अस्तु, योगदर्शन में योगाभ्यास से प्राप्त शक्तियों, सिद्धियों व ऐश्वर्यों के प्रलोभन में न पड़ने का उपदेश किया गया है। क्योंकि योगी तभी अपने जीवन के चरम को पा सकता है तथा योग व अध्यात्म के शीर्ष को छू सकता है। अस्तु, योगी का अंतिम लक्ष्य आत्मदर्शन ही होना चाहिए, अंतिम लक्ष्य मोक्ष, मुक्ति व कैवल्य ही होना चाहिए। ऐसा होना तभी संभव है, जब हम योगमार्ग पर अटूट श्रद्धा, भक्ति व समर्पण के साथ चरैवेति, चरैवेति का पालन करते हुए सदा चलते ही रहें, बढ़ते ही रहें, तब तक जब तक कि हम अपनी मंजिल तक न पहुंच जाएं।

राजयोग मंत्रयोग, क्रियायोग, अभ्यास और वैराग्य हठयोग, ज्ञानयोग, कर्मयोग, भक्ति योग आदि किसी भी मार्ग का अवलंबन करते हुए हम अवश्य ही अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। सतत योगाभ्यास से जब हमारे चित्त के समस्त विकार, संस्कार मिट जाते हैं तब आत्मा अपने असली स्वरूप को पहचान पाती है, क्योंकि तत्वज्ञान की वृद्धि होती है। आत्मा की प्रकृति, देह, मन व इंद्रियों से भिन्न होने का संपूर्ण ज्ञान प्राप्त हो जाता है।

यही मोक्ष है, मुक्ति है, समाधि है। इस अवस्था में संसार में रहते हुए भी साधक संसार के प्रभाव से अछूता रहता है। अस्तु वह देह में रहते हुए भी विदेह की स्थिति में रहता है, क्योंकि चित्त निर्मल होने का जब उसे अपने वास्तविक स्वरूप का ज्ञान हो जाता है, तब उसका प्रकृति में और उसके कार्यों में स्वभाव से ही वैराग्य हो जाता है। अंत में जब योगी का विवेकज्ञान की महिमा में भी वैराग्य हो जाता है तब उसके विवेकज्ञान में किसी प्रकार का विघ्न नहीं पड़ता, वह निरंतर उदित (प्रकाशमान) रहता है और तब उसे तत्काल ही धर्म में समाधि की प्राप्ति हो जाती है। इस प्रकार वह योगी जीवनमुक्त हो जाता है।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# चुनाव आयोग की सिफारिश के बाद केंद्र ने सुझाया एक देश एक मतदान

देश मे 1967 के पूर्व लोकसभा और विधानसभा के चुनाव एक ही होते थे। इस दौर की रफ्तार नए राजनैतिक दलों की बढ़ती तादाद के बाद बन्द हो गई। विधि आयोग की सिफारिश के बाद एक चुनाव की बात पर देश सहमत है। कांग्रेस और केजरीवाल का विरोध होना स्वाभाविक है। चुनाव प्रचार के दौरान मुफ्त की रेवड़ी बांटना लगभग बन्द हो जाएगा। सरकार ने एक देश एक मतदाता सूची की तैयारी करने में कमर कस ली है। फिर भी एक चुनाव के लिए दिक्कतें तो आयेंगी लेकिन देश की तिजोरी में छह लाख करोड़ का फायदा होगा। यह कई छोटे देशों की जीडीपी का आंकड़ा है। यह बहुत बड़ी रकम है जिससे जनता की मेहनत की कमाई किसी कल्याणकारी योजना पर खर्च करने से जनता लाभान्वित होगी। एकल सूची बनाने और इस पर सुझाव के लिए कमिटि घोषित की गई है। रामनाथ कोविंद के नेतृत्व में सुझाव दिए जाएंगे। लोकसभा, विधानसभा और निकाय चुनाव की एक सूची बनाई जा रही है क्योंकि निकाय चुनाव राज्य सरकार के अधीन आते हैं। इस पर सहमति बनाने और रोडमैप के बाद ही मार्ग खुलता दिखाई देगा। देश में यह बदलाव भारत की बदलती तस्वीर की निशानी है। अब तो मतदाता भी जागृत हुए हैं। इतने बड़े लोकतंत्र में हर महीने देश के राज्यों में छोटे बड़े चयन प्रक्रिया और उपचुनाव की मुहिम चलती रहती है। यह निर्णय स्वागतयोग्य है। लोगों को माथापच्ची से छुटकारा मिलेगा। अनुच्छेद 325 के अंतर्गत राज्यों को अधिकार दिया गया है। केंद्र सरकार के दायरे के बाहर है क्योंकि अनुच्छेद के 25 में संशोधन करने के बाद ही मार्ग प्रशस्त होगा। लोकसभा और विधानसभा की सीटें एक ही दायरे में रहती हैं। पंचायत चुनाव और विधानसभा चुनाव में राज्य के कानून में बदलाव करना होगा। संविधान संशोधन कर बंदिश लगा रखी है कि 2026 तक कोई भी परिसीमन नहीं होगा। इस पर फिर से कमिटि विचार कर बातचीत के बाद लागू किया जा सकता है। देश में अनेक राज्यों में ईसीआर का इस्तेमाल होता है और अनेक राज्य ईसीआर में शामिल नहीं है। ये सभी अड़चन दूर कर देश में एक देश एक मतदाता सूची की तरफ कदम बढ़ाया जा सकता है। केंद्र के इस कार्य में राजनैतिक दलों का विरोध होता है तो भी इस बात को दरकिनार कर एक चुनाव की रणनीति बनाई जानी चाहिए जिससे जनतालक्ष्यी कार्य को सुगम बनाया जा सके और देश को इन जुमलेबाजों से छुटकारा मिलने में राहत अनुभव कर सके।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### पीआरओ तिवारी का राजगढ़ तबादला, अब दुबे संभालेंगे जिम्मेदारी



**बैतूल, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा विधान सभा प्रदेश के कुछ जिलों के जनसंपर्क अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किए गए हैं। इन तबादला आदेशों में बैतूल जिला भी प्रभावित हुआ है। जिला जन सम्पर्क कार्यालय प्रमुख सहायक जन सम्पर्क अधिकारी सुरेंद्र तिवारी का तबादला बैतूल से राजगढ़ किया गया है। तिवारी के स्थान पर जनसम्पर्क कार्यालय भोपाल से मुकेश दुबे को बैतूल की कमान सौंपी गई है। तिवारी का जिले में कार्यकाल संतोष जनक रहा।

### मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण आज से

**हरदा, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन 2023 को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने के लिये मतदान कर्मियों का प्रथम प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया गया है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. नागार्जुन बी गौड़ा ने बताया कि प्रशिक्षण शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा, शासकीय महाविद्यालय टिमरनी तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरकिया में आयोजित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण तीनों विकासखण्ड मुख्यालय हरदा, खिरकिया व टिमरनी में 15 से 17 सितम्बर तक दो पालियों में सम्पन्न होगा। डॉ. गौड़ा ने बताया कि तीनों प्रशिक्षण स्थल पर प्रथम पाली प्रात: 10:30 से 1:30 बजे तक तथा द्वितीय पाली दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक आयोजित किया गया है। उन्होने निर्देशित किया है कि सेक्टर अधिकारी एवं पुलिस सेक्टर अधिकारी प्रशिक्षण में प्रथम दिवस उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

### वन विभाग के गश्ती दल ने पकडी अवैध सागौन ले जा रहा वाहन

**बैतूल, देशबन्धु।** बुधवार को दक्षिण वन मंडल के गश्ती दल ने एक बार फिर अपनी सक्रियता का परिचय दिया। परिक्षेत्र सावलमेंढा सा. की धाबा बीट में ग्राम लामघाटी रोड पर गश्ती दल को लगभग दोपहर 2:30 बजे एक चार पहिया संदिग्ध वाहन आते दिखा। गश्ती दल द्वारा वाहन को रोकने पर वाहन चालक द्वारा वाहन को तेजी से निकाल लिया गया, गश्ती दल द्वारा वाहन का पीछा किया गया। नदी के पास मोड़ पर नियंत्रण खोने से वाहन पलट कर नाली में घुस गया। तत्काल ही गश्ती दल ने मौके पर पहुंचकर अवैध सागौन चरपट से भरी गाड़ी जप्त कर ड्रायवर को हिरासत में लिया। मौके पर पंचनामा तैयार कर वाहन सहित अवैध सागौन चरपट 13 नग = 0.362 घ.मी. काष्ठ जप्त की गई। वाहन को अवैध चरपट सहित ट्रैक्टर द्वारा खींचकर परिक्षेत्र कार्यालय परिसर सावलमेंढा में लाया गया। जप्त काष्ठ का अनुमानित मूल्य 23 हजार आंका गया। तस्करी के इस मामले में वन विभाग द्वारा मध्यप्रदेश वनोपज व्यापार विनियमन अधिनियम 1969 के तहत वन अपराध पंजीबद्ध किया गया। इस कार्रवाई में परिक्षेत्र अधिकारी सावलमेंढा एम. एस. परते वनक्षेत्रपाल, देवीराम उईके वनपाल, अंकित नाड़ेकर वनरक्षक, वाहन चालक ओमकार उईके एवं बीट चौकीदार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# मनाया पोला पर्व, डीजे के साथ पहुंकर किया बैलों का पूजन

**उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान पर हुआ परंपरानुसार आयोजन**



**मुलताई, देशबन्धु।** पवित्र नगरी में किसानों ने गुरुवार पोला पर्व हर्ष और उल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर बैलों को सजा सवारकर उनका पूजन किया। किसानों ने सुबह से ही बैलों को नहलाया, उसके बाद आकर्षक श्रृंगार कर पूजा अर्चना कर पकवानों का भोग भी लगाया। उसके बाद शाम में उत्कृष्ट स्कूल के खेल मैदान पर पोला पर्व का आयोजन हुआ। जहां बड़ी संख्या में किसान बाजे गाजे और डीजे के साथ बैलों को लेकर पहुंचे। जहां परंपरा अनुसार नगर के पटेल देशमुख परिवार ने बैलों का पूजन किया। किसानों ने बताया पूरे वर्ष भर खेती में काम करने वाले बैलो का पोला पर्व पर पूजन किया जाता है। तहसील क्षेत्र के ग्रामीण अंचल में भी पूरे उत्साह के साथ किसानों ने पोला पर्व मनाते हुए बैलों का पूजन किया।

किसानों ने जताया विरोध ,पुलिस की समझाइश के बाद शांत हुआ मामला: कृषि से जुड़े किसानों के लिए प्रमुख पर्व पोल हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया किंतु किसानों का उल्लास उस वक्त आक्रोश मे बदल गया जब ग्राम पटेल के तोरण पूजन के पहले ही कुछ लोगों ने उत्कृष्ट स्कूल ग्राउंड पोला स्थल पर परंपरागत बंधी पोले की तोरण लूट ली। इससे गुस्साए किसानों ने मुख्य मार्ग पर अपना विरोध जताया तभी पुलिस कर्मियों ने उन्हें समझा कर सभी किसानों को बैल जोड़ियां के साथ अपने घर भेजा। कृषि क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र के लिए यह पर्व अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

बिरुल बाजार,पांढरी सहित सभी ग्रामों में भी हुई बैलों की पूजा: ग्राम बिरुल बाजार में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी समस्त कृषक एवम ग्रामवासियों द्वारा पोला पर्व बड़े धूमधाम से मनाया गया। सभी लोग घर से बैलों को सजा कर मनमोहक श्रृंगार करके ग्राम पंचायत के सामने वाले ग्राउंड में पहुंचे जहा ग्राम के सरपंच जीवन बनकर, उपसरपंच रेखा साहू तथा गांव के सभी गणमान्य नागरिको द्वारा पोला पर्व का शुभारंभ पूजा कर किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित हुए बड़े धूमधाम से पोला पर्व मनाया गया। आकाश कवड़कार ने बताया की ग्राम पांढरी में भी पोला पर्व बड़े हर्ष और उल्लास के साथ बनाया गया।

# कलेक्टर ने मतदान केन्द्रों का किया निरीक्षण



**बैतूल, देशबन्धु।** कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने गुरूवार को जिले के चिचोली विकासखंड के ग्रामों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने चिचोली, हर्रावाड़ी एवं पाटाखेड़ा में मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया। साथ ही मतदान केन्द्र की आवश्यक व्यवस्थाएं देखीं। हर्रावाड़ी में बीएलओ द्वारा सही डाटा संधारण नहीं किए जाने पर कारण बताओं नोटिस जारी किए जाने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी उनके साथ थे।

भ्रमण के दौरान उन्होंने चिचोली में प्रस्तावित बस स्टैंड एवं जोगली में प्रस्तावित कृषि उपज मंडी स्थल का भी निरीक्षण किया। चिचोली में जल संसाधन कार्यालय का भी निरीक्षण कर कार्यालय परिसर का सीमांकन कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने चिचोली में एफएलएन मेल का भी अवलोकन किया।

ग्राम बोंड रैय्यत में चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याएं सुनीं एवं अधिकारियों को निराकरण के निर्देश दिए। चिचोली एवं पाटाखेड़ा में स्कूलों का निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्थाएं देखी। ग्राम बोंड रैय्यत में भांजी नदी पर पुल निर्माण के लिए मौका निरीक्षण किया एवं पुल निर्माण का प्राकल्लन तैयार करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

# जिला अस्पताल में अधिवक्ताओं और उनके परिजनों के लिए आरक्षित रहे 2 कमरे

**भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर की मांग**



**बैतूल, देशबन्धु।** अधिवक्ताओं और उनके परिजनों को जिला अस्पताल में दो कमरों के आवंटन की मांग को लेकर गुरुवार को भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने कलेक्टर के नाम अपर कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ अधिवक्ता दिलीप यादव, सह संयोजक अधिवक्ता जयदीप रूनवाल के नेतृत्व में अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे।

भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक अधिवक्ता दिलीप यादव ने बताया कि भाजपा विधि प्रकोष्ठ ने अधिवक्ता हित में कलेक्टर को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया कि अधिवक्ता समाज में बुद्धिजीवी वर्ग श्रेणी में आता है। सामाजिक उत्थान एवं विकास में अधिवक्ता वर्ग की विशेष भूमिका होती है किंतु वर्तमान परिस्थितियों में यहां दृष्टिगोचर होता है कि अधिवक्ताओं को जो सुविधा प्राप्त होना चाहिए वह उससे वंचित रहते हैं, न्याय की दृष्टि से तो उन्हें सम्मानित वर्ग में माना जाता है लेकिन सामाजिक सुविधा हेतु उनकी ओर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जिला संयोजक दिलीप यादव ने कहा कि वर्तमान में आवश्यक सुविधा अधिवक्ताओं तक नहीं पहुंच पा रही है। अधिवक्ता वर्ग की मांग है कि जिला चिकित्सालय में अधिवक्ता एवं उनके परिवारों को आकस्मिक समय में भर्ती के लिए दो कमरा आवंटित किए जाए, जो अधिवक्ताओं एवं उनके परिजनों हेतु आरक्षित रहे। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ दिलीप यादव अधिवक्ता, जिला सह संयोजक जयदीप रूनवाल, अधिवक्ता, रंजना द्विवेदी, विपिन यादव, शीतल गोस्वामी, योगिता डोंगरे, बलदेव महाजन, सौरभ परिहार, गीता पवार, सुनील अग्रवाल, राजेश मांदरे आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# वनग्रामों में पहुंचा पशु चिकित्सा विभाग का दल



**हरदा, देशबन्धु।** कलेक्टर ऋषि गर्ग ने पशु पालन विभाग के अधिकारियों को रहटगांव तहसील के ग्राम रवांग व आसपास के क्षेत्र के पशुओं के स्वास्थ्य का उपचार करने एवं आवश्यक औषधियों वितरित करने के निर्देश दिये है। उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं हरदा ने बताया कि कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन बुधवार को विकासखण्ड चिकित्सा अधिकारी, टिमरनी के साथ विकासखण्ड पशु चिकित्सा अधिकारी टिमरनी ने विभागीय अमले के साथ ग्राम रवांग का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान ग्राम में पशओं में कोई भी संक्रमण बीमारी नहीं पाई गई। इस दौरान पशु पालकों को पशुओं के बांधने की जगह को साफ स्वच्छ रखने, साफ पानी का उपयोग करने एवं रात्रि में नीम के धुआं करने की सलाह दी गई, जिससे पशओं को मच्छरों से बचाया जा सके। ग्राम रवांग में पशुओं को कृमिनाशक दवाई प्रदाय की गई एवं लम्पी स्किन डीसीज की रोकथाम के लिये टीकाकरण कार्य किया गया। ग्राम रवांग के आस-पास के ग्राम केली, जड़कउ, लोधीढ़ाना, कुमरूम, कायदा एवं डेहरिया में भी भ्रमण कर पषुपालकों से पशओं की बीमारी के संबंध में जानकारी ली गई, किन्तु ऐसी कोई बीमारी की जानकारी नहीं मिली, जो जानवरों से मनुष्य में हो सकती है।

### विकास रथ के माध्यम से ग्रामीणों को दी विकास कार्यों की जानकारी

**हरदा, देशबन्धु।** प्रदेश सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में निवासरत लोगों को देने के उद्देश्य से इन दिनों विकास रथ लगातार भ्रमण कर रहा है। विकास रथ ने गुरूवार को हरदा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करनपुरा, हनीफाबाद, बिछौलामाल, भाटपरेटिया, रन्हाईकला, रहटाखुर्द, कुकरावद, कनारदा व धुरगाड़ा का भ्रमण कर एलईडी के माध्यम से जिले के विकास पर केन्द्रित फिल्म दिखाई। इसके साथ ही मध्यप्रदेश पर आधारित फिल्म, मध्यप्रदेश में केन्द्र सरकार की योजनाएँ, अद्भुत मध्यप्रदेश, जनसरोकार, वंदे मध्यप्रदेश, महिला सशक्तिकरण लाड़ली बहना सेना, कृषि और सिंचाई, स्व-सहायता समूह और सीखो कमाओ योजना पर आधारित वीडियो फिल्में दिखा कर शासन की योजनाओं की जानकारी दी।

# पेट्रोल पंप पर मारपीट मामला: 2 आरोपी बाइक सहित गिरफ्तार

**सारनी, देशबन्धु।** सुखाढाना पेट्रोल पंप पर बुधवार हुई घटना के मामले में सारनी पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए 10 लोगों के खिलाफ बलवे का मामला दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से मोटरसाइकिल भी बरामद की गई है घटना में शामिल होने वाले अन्य आठ आरोपियों की गिरफ्तारी भी जल्द होगी। ज्ञात हो कि चंद्राश फ्युल स्टेशन सुखाढाना मेन रोड घोड़ाडोंगरी दोपहर करीब पौने दो बजे पेट्रोल पंप पर मैनेजर कमलेश विश्वकर्मा और उसके साथी रविन्द्र निवारे व सुखनंदन धुर्वे पेट्रोल दे रहे थे तभी आए युवकों और मैनेजर कमलेश के बीच विवाद हो गया था। मैनेजर कमलेश की रिपोर्ट पर पुलिस बलवा एवं अन्य धाराओं में प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। घटना से तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ चौधरी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज सोनी एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस रोशन जैन



के मार्गदर्शन में सारनी पुलिस द्वारा तत्परता से कार्रवाई करते हुए सीसीटीवी फुटेज की सहायता से आरोपियों की पतासाजी कर 10 आरोपियों को चिन्हित किया गया। जिसमें दो आरोपियों रोहित अली उम्र 22 वर्ष निवासी ओझाढाना घोड़ाडोंगरी थाना सारणी, बिट्टू उर्फ मेहबूब अली उम्र 20 वर्ष निवासी नागदेव कॉलोनी घोड़ाडोंगरी थाना सारनी को गिरफ्तार किया गया है एवं घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल बरामद की गई है। बुधवार को दिनदहाड़े पेट्रोल पंप पर लूट की घटना को अंजाम दिए जाने की अफवाह फैलाने पर संभावना व्यक्ति की जा रही है की सारनी पुलिस पेट्रोल पंप कर्मचारी और पेट्रोल पंप संचालक के खिलाफ धारा 201 का मामला पंजीकृत कर सकती है।

### इनका कहना है

सुखाढाना पेट्रोल पंप पर मारपीट की थी लूट की घटना को अंजाम नहीं दिया था इस मामले में 10 लोगों को चिन्हित किया गया है दो लोगों की गिरफ्तारी हुई है और आठ लोगों की गिरफ्तारिक जल्द की जाएगी।

**अरविंद कुमरे थाना प्रभारी सारनी**

# छात्राओं पर छीटाकशी करने वाले शरारती तत्वों पर कार्रवाई की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**भैंसदेही, देशबन्धु।** स्कूलों के आसापास छात्राओं पर छीटाकशी करने वाले शरारती तत्वों पर कार्रवाई की मांग को लेकर नागरिकों ने जिला कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि भैंसदेही में संचालित शासकीय शालाओं के आसपास स्कूल समय में शरारती तत्व बैठकर आने-जाने वाली छात्राओं पर कमेट करते है। इसके साथ ही तेज रफ्तार में मोटरसाईकल छात्राओं के बीच से निकालते है। इनके डर से छात्राओं को यात्री प्रतिक्षालय गंदा होने के कारण आसपास की दुकानों का सहारा लेना पड़ता है। बस स्टैंड पर ही पुलिस चौकी होने के बावजूद शरारती तत्वों पर कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे छात्राओं में भय का माहौल बनते जा रहा है। नागरिकों ने जिला कलेक्टर से शरारती तत्वों पर कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# पेसा अधिनियम की दी जानकारी



**भैंसदेही, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड के मार्गदर्शन में पेसा अधिनियम का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्राम पंचायत देडपानी के सभागार में आयोजित प्रशिक्षण में ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम रोजगार सहायक, मोबिलाइज ,जन सेवा मित्र नवांकुर संस्था एवं ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष सचिव एवं सदस्य, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित कक्षाओं के एमएसडब्ल्यू बीएसडब्ल्यू के समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। प्रशिक्षण की शुरूआत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के विकासखंड समन्वयक विकास कुमरे, पंचायत इंस्पेक्टर डीपी स्वर्णकार, पैसा समन्वयक दिनेश बारस्कर द्वारा की गई। विकास कुमरे द्वारा अधिकार के बारे में बताया गया। शांति एवं विवाद निवारण समिति के बारे में जानकारी प्रदान की। केशर लोखंडे ने पेसा एक्ट अधिनियम के बारे में प्रशिक्षणार्थीयों को समझाया। दीपक गायकवाड़ द्वारा पेसा एक्ट को लेकर प्रशिक्षण दिया गया। उसके पश्चात प्रशिक्षणदाता शिवचरण बावने ने सामान्य ग्राम सभा एवं पेसा अधिनियम की ग्राम सभा के विषय में अंतर बताया गया। सोहन सिंह काकोडिया ने टैरो कार्ड के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण लेने वालों को प्रैक्टिकल ग्राम काबरा रैयत में ले जाकर ग्राम सभा संचालित कर दिखाया गया। पेसा एक्ट के ब्लॉक समन्वयक दिनेश ने भी पेसा एक्ट को लेकर प्रशिक्षण दिया। ग्राम काबरा रैयत में गांव का नजरी नक्शा बनाकर सभी ग्रामवासी एवं उपस्थित समिति के सदस्यों को समझाया गया।

# जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का आयोजन

**सारनी, देशबन्धु।** ग्राम भारती महिला मंडल द्वारा जल जीवन मिशन परियोजना कार्यकर्ताओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा से महाप्रबंधक सतीश गुप्ता, उपमहाप्रबंधक बसंत बेलवंशी एवं परियोजना प्रबंधक जन सहभागिता सुशीला मरावी उपस्थित रहे। मिशन में गढ़ा, मेंढ़ा,वर्धा,घोघरी,अपर वेदा,समूह जल प्रदाय योजना बैतूल जिसकी परियोजना क्रियान्वयन इकाई छिंदवाड़ा म.प्र एवं क्रियान्वयन सहायक संस्था ग्राम भारती महिला मंडल बैतूल है। इस परियोजना में 3 जिले के 227 ग्राम चयनित किए गए है। जिससे इस परियोजना द्वारा इन ग्रामों को लाभांतित किया जाएगा। उक्त परियोजना कार्यक्रम में वर्तमान स्थिति तक 5 विकासखंड में सर्वे कार्य पूर्ण किया जा चुका है। समीक्षा बैठक में मुख्य चर्चा अगामी गतिविधियां कार्य जैसे शतप्रतिशत जनसभा एवं ग्रामसभा पीआरए,वीएपी,वीडब्ल्यूएससी समिति के बैंक खाते खुलवाना, ग्राम में एसएचजी समूहों की मीटिंग लेना,ग्राम में कैशबुक एवं मेंटेनेंस रजिस्टर बटवाना एवं अंशदान संग्रहण करवाना आदि पर हुई। समीक्षा बैठक में सुशीला मरावी द्वारा बताया गया की जल जीवन मिशन के तहत जल निगम द्वारा सर्फेस डेम के माध्यम से पानी फिल्टर व टेस्टिंग होकर टंकी द्वारा ग्राम के अंतिम घर तक पहुंचेगा एवं ग्राम की टंकी में बल्क वाटर मीटर लगेगा। संस्था प्रमुख अध्यक्ष भारती अग्रवाल द्वारा कार्यकर्ताओं के कार्य में जो सुधार की आवश्कता है उसे और अच्छे से करने पर विशेष चर्चा की गई।

*2007 -2008 में प्रस्ताव पास कराकर शासन को भेजा था*

# आमला, बोड़खी के साथ सारनी को मिलाकर बने मुलतापी जिला: राजा

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलतापी को जिला बनना चाहिए और इस जिले में आमला, बोड़खी के साथ साथ सारणी को भी शामिल करना चाहिए जिससे मुलताई जिले का विकास होगा, युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। उक्त बात भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने पत्रकारों से कहीं। मुलताई को जिला बनाने की मांग सबसे पहले 2007 -2008 में राजा पवार ने ही की थी। उन्होंने ही अपने जिला पंचायत उपाध्यक्ष रहते हुए मुलताई को जिला बनाने का प्रस्ताव पारित कराकर शासन को भेजा था। आज वह जिला पंचायत अध्यक्ष है राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है। मुलताई नगर में जिला बनाओ आंदोलन तुल पकड़ता



जा रहा है। ऐसे में वह क्या सोचते हैं यह राजनीतिक हलके में बहुत मायने रखता है। उन्होंने कहा कि मुलताई अगर जिला बनता है तो इसमें आय के स्त्रोत होना चाहिए, इसके लिए कोल माइंस एरिया इस जिले में जुड़ना चाहिए। मात्र मुलताई विधानसभा को जिला बनाकर कुछ नहीं होगा। जिले के आय के स्त्रोत भी तो होने चाहिए। इसमें सारणी एमपीईबी, पावर प्लांट, कोल माइंस भी शामिल होगा तो आय के स्त्रोत होंगे, रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, व्यापार व्यवसाय में वृद्धि होगी। उन्होंने बताया की आमला से भाजपा विधायक योगेश पंडाग्रे ने आमला को सारणी से जोड़ने के लिए मार्ग निर्माण के लिए स्वीकृत करा दिया है। इस मार्ग के निर्माण के बाद मुलताई से सारणी की दूरी मात्र 60 किलोमीटर रह गई है और इतनी ही दूरी बैतूल से सारणी की अभी है। जिला बनाने के लिए जिला पंचायत क्षेत्र के 10 से अधिक वार्ड, दो विधानसभा और दो अनुविभाग होना चाहिए

**मुख्यमंत्री से करेंगे मांग:** जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पवार ने कहा कि मैंने इस संबंध में मुख्यमंत्री चौहान से पहले भी चर्चा की है। अभी 19 तारीख को वह मुलताई आ रहे है, मैं उनसे मुलताई और सारणी को मिलाकर जिला बनाने की बात करूंगा।

### हमें खुशी होगी



मुलताई यदि जिला बनता है और उसमें सारणी को शामिल किया जाता है तो हमें खुशी होगी और हम भी चाहते हैं कि मुलताई जिला बने तो सारणी उसमें शामिल हो, सारणी की बंद हो रही खदाने और पावर प्लांट को गति मिलेगी, जिससे सारणी शहर अपना वैभव पुन: प्राप्त कर सकता है।

**भूषण कांति, यूथ कांग्रेस प्रदेश सचिव**

## सार समाचार

### शंभूदयाल दुबे स्मृति चौपड़ प्रतियोगिता तिलक सिंदूर में आज से

**इटारसी देशबन्धु।** पं. शंभू दयाल दुबे स्मृति में चौपड़ प्रतियोगिता का आयोजन तिलक सिंदूर प्रांगण में 16 सितंबर से होगा। 17 को प्रतियोगिता का समापन होगा। आयोजन समिति ने समस्त चौपड़ प्रेमियों से निवेदन है किया है कि अधिक से अधिक खिलाड़ी हिस्सा लेने पहुंचें। खिलाड़ियों की भोजन की भी व्यवस्था रहेगी।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रुपए, द्वितीय इनाम 15000 रुपए, तृतीय 11000, चतुर्थ 5000, पंचम 2100, षष्टम इनाम 1100, बेस्ट खिलाड़ी को 1100 रुपए पुरस्कार मिलेगा। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए एंट्री शुल्क 501 रुपए है। एक खिलाड़ी एक ही टीम से खेलेगा। नशे की हालत में कोई भी प्रवेश नहीं दिया जाएगा। समिति के चौपड़ पासा वापस करने की जवाबदारी विजेता टीम की रहेगी, चौपड़ पासा टीम वापस करने पर ही टीम को विजय घोषित किया जाएगा।

### मोकलवाड़ी में 3 करोड़ से अधिक लागत से बनेगा पुल

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** सोहागपुर के ग्राम मोकलवाड़ी में 3 करोड़ से अधिक लागत से शीघ्र पुल निर्माण किया जाएगा। अनुविभागीय अधिकारी ब्रिज कॉरपोरेशन आत्माराम मोरे ने बताया कि ग्राम मोकलवाडी से झिरमिटा मार्ग में नदी पर पुल निर्माण हेतु शासन द्वारा अनुमोदन दिया दिया गया है। पुल निर्माण हेतु 317.28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। कार्य वर्तमान में निविदा स्तर पर है। निविदा खुलने की तिथि 3 अक्टूबर निर्धारित है। निविदा की कार्यवाही पूर्ण होते ही निर्माण कार्य शीघ्र ही प्रारंभ किया जाएगा। पुल निर्माण होने से ग्रामीण जनों को बारहमासी आवागमन की सुविधा मिलेगी और नदी पार करने से होने वाली दुर्घटनाएं भी नही होगी।

### लापरवाही पर सीएमएचओ ने की कार्यवाई

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** जिले में दस्तक अभियान एवं संघन मिशन इंद्रधनुष में 11 से 16 सितम्बर 2023 तक 0 से 5 वर्ष बच्चों व गर्भवती माताओं का टीकाकरण किया जा रहा है। 14 सितंबर को डॉ दिनेश देहलवार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा हाईरिस्क ऐरिया वार्ड 17 सिविल लाईन राज मेडिकल के पास निरीक्षण किया गया। टीकाकरण से छुटे हुये बच्चो का वैक्सीनेशन कराया गया। दस्तक व मिशन इन्द्रधनुष अभियान में लापरवाही कर रहे शहरी नोडल अधिकारी संविदा चिकित्सा अधिकारी डॉ अक्षय रघवुशी, संविदा एपीएस हरिओम मेवाडे एवं संविदा एएनएम भावना दुबे का एक माह का वेतन काटे जाने के लिये निर्देशित किया गया, और माया चरखने को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया।

**मौसम में बदलाव बढ़ा रहा बीमारी**

# 8 दिन में ओपीडी में आए 5 हजार 466 मरीज



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** मौसम में लगातार आ रहे परिवर्तन से अस्पतालों में मौसमी बीमारियों से पीड़ितों की संख्या में तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। जिला अस्पताल में भी प्रतिदिन बड़ी संख्या में वायरल फीवर सहित मौसमी बीमारियों से पीड़ित पहुंच रहे हैं। जिला अस्पताल सहित शहर के निजी अस्पतालों व क्लीनिक में भी सुबह से मरीजों की भी? लगनी शुरू हो जाती है। जिला अस्पताल में ज्यादा संख्या छोटे बच्चों और शिशुवती-महिलाओं की रहती हैं। वर्तमान में जिला अस्पताल की ओपीडी में हर दिन 700 से 800 मरीज पहुंच रहे हैं। इन मरीजों में वायरल फीवर के साथ सर्दी और खांसी से पीडति बच्चों की संख्या ज्यादा है। यही हाल शिशु रोग विभाग में भी है। यहां भी हर दिन अच्छी खासी संख्या में बच्चों का इलाज हो रहा है, जिसमें 60 प्रतिशत बच्चे वायरल फीवर से पीडति हो रहे हैं। इन दिनों वायरल फीवर तेजी से फैल रहा है। परिवार का एक व्यक्ति बीमार होने पर पूरे परिवार के सदस्य वायरल फीवर की चपेट में आ रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक वायरल फीवर के मरीजों में नया ट्रेंड देखने को मिल रहा है। वायरल फीवर आने के बाद 100 से 104 डिग्री तक बखार आ रहा है। तुरंत इतना बुखार शरीर के अन्य अंगों के लिए घातक हो सकता है। जिला अस्पताल में 07 सितम्बर 2023 से 14 सितम्बर 2023 तक बीते 8 दिनों में कुल 5 हजार 466 मरीज अपना इलाज कराने पहुंचे। जिनमें से 5 हजार 357 नए एवं 109 फॉलोअप के मरीज पहुंचे। सामान्य चिकित्सा और दुर्घटना के मरीजों में भी बीते 8 दिनों में वृद्धि हुई है। वहीं बीते 8 दिनों में जिला अस्पताल में कुल 696 मरीज भर्ती किए गए।

**महिलाओं और बच्चों की संख्या बढ़ी:**-07 सितम्बर 2023 से 14 सितम्बर 2023 तक बीते 8 दिनों में कुल 5 हजार 466 मरीज अपना इलाज कराने पहुंचे। जिनमें बाल चिकित्सा के लिए 428 नए एवं 4 फॉलोअप के मरीज पहुंचे। तो वहीं स्पेशल न्यू बॉर्न केयर यूनिट अर्थात एसएनसीयू में 175 नए एवं 7 फॉलोअप के बच्चों को लाया गया। वहीं प्रसूति एवं स्त्री रोग के नए 627 नए एवं 20 फॉलोअप आए।

**खान-पान का रखे विशेष ध्यान:**-जिला अस्पताल के डॉक्टर्स ने बताया कि बदलते मौसम में के दौरान परिजनों को बच्चों के खान-पान का भी विशेष ध्यान रखना चाहिए। क्योंकि अव्यवस्थित खान पान से भी बच्चों की सेहत पर असर प?ता है। शिशु रोग विशेषज्ञ ने बताया कि वर्तमान में बदलते मौसम के दौरान बच्चों की प्रिकॉशन रखना जरुरी है। जिला अस्पताल के डॉक्टर्स ने बताया कि जिला अस्पताल में इलाज कराने के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है। आने वाले मरीज का इलाज कर दवाई दी जा रही है। बदलते मौसम में लोगों को तेज धूप और बारिश से बचना चाहिए।

**एंटीबायोटिक व एंटी कोल्ड टेबलेट की मांग बढ़ी:**-वायरल फीवर के मरीजों की भीड़ जिला अस्पताल सहित शहर के निजी अस्पताल और क्लीनिकों में भी बढ़ी है। वायरल फीवर के साथ सर्दी, खांसी उल्टी दस्त के मरीज भी सामने आ रहे हैं। शहर के मेडिकल स्टोर्स पर इन दिनों पैरासिटामॉल, एंटीबायोटिक्स व एंटी कोल्ड टेबलेट की मांग भी बढ़ी है।

**बीते 8 दिन में इन बीमारी के मरीज आए**

| बीमारी | नए | फॉलोअप |
|---|---|---|
| दुर्घटना | 878 | 8 |
| ईएनटी | 150 | 2 |
| जन सर्जरी | 358 | 10 |
| जन चिकित्सा | 2358 | 55 |
| दांत | 10 | 00 |
| हड्डी | 157 | 2 |
| क्षय | 18 | 0 |
| नेत्र | 97 | 1 |

**8 दिन में भर्ती हुए 696 मरीज**

| वार्ड | भर्ती मरीज |
|---|---|
| महिला मेडिकल | 107 |
| महिला सर्जिकल | 20 |
| पुरुष मेडिकल | 140 |
| पुरुष सर्जिकल | 82 |
| मातृत्व | 236 |
| बच्चा वार्ड | 33 |
| एसएनसीय | 49 |
| एनआरसी | 05 |
| पीआईसीय | 24 |

## दिनदहाड़े गोली मारकर युवक को घायल करने वाले 3 आरोपी पुलिस गिरफ्त में

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** सिवनीमालवा के हिरणखेड़ा में 8 साल पहले जमीन विवाद में हुई हत्या के आरोपी सुरेंद्र राजवंशी पर नर्मदापुरम में 11 सितंबर को हत्या के इरादे से गोली चली। जिससे युवक घायल हो गया। बीच बाजार में दिन दहाड़े हुई गोलीकांड में 6 गोलियां चली थी। गोलीकांड के आरोपियों को पकड़ने में पुलिस ने 48 घंटों में सफलता प्राप्त कर ली है। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि 11 सितम्बर को सूचना प्राप्त हुई कि गोरी सेठ की होटल के सामने किसी व्यक्ति पर कुछ लोगों ने गोली चलाई है। सूचना पर पुलिस अधीक्षक गुरकरण सिंह, अनिविभागीय अधिकारी पुलिस पराग सैनी, थाना प्रभारी थाना कोतवाली सौरभ पांडे तत्काल पहुंचे। मौके पर फरियादी सुरेन्द्र सिंह पिता तुलसीराम राजवंशी जाति कुचबंदिया उम्र 37 साल निवासी हिरणखेड़ा थाना सिवनीमालवा हाल नारियल खेडा थाना गौतम नगर भोपाल ने बताया कि उसे आरोपीगण निक्की उर्फ रामसागर, जगवीर अर्जुन, सुधीर, विक्रम राजवंशी मुझे जान से मारने की नियत से पिस्टल से हमला किया है। घायल को तत्काल जिला अस्पताल इलाज के लिए रवाना किया तथा अस्पताल में देहाती नालसी लेख किया जिसमें घायल सुरेन्द्र ने बताया कि मैं अपनी कार से नर्मदापुरम कोर्ट पेशी करने आया था। जो न्यायालय में पेशी नहीं होने से मैं अपनी कार से दीदी विनीता के घर बालागंज जा रहा था कि करीब 03 बजे दोपहर गौरी सेठ की नास्ते की दुकान के सामने, रोड पर पहुंचा कि पीछे कोर्ट तरफ से स्विफ्ट ड्रिजायर कार से निक्की और उसके साथियों के द्वारा पुरानी जमीनी विवाद को लेकर कार से उतरकर जान से मारने की नियत से मेरे उपर गोलिया चला दिये। जिस पर से थाना कोतवाली नर्मदापुरम में अपक्र 728/23 धारा 307, 34 भादवि 25, 27 आर्म्स एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम गुरकरण सिंह द्वारा घटना की गंभीरता को देखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा एवं एसडीओपी पराग सैनी के नेतृत्व में थाना कोतवाली में 02 टीमों का गठन उक्त अपराध की विवेचना एवं आरोपियों की तलाश एंव सीसीटीव्ही फुटेज के लिये गठित की गयी। उक्त गठित टीमों में सीसीटीव्ही अवलोकन पर ये कलर की स्वीप्ट कार क्र एमपी 37 सी 5703 पाया गया। घटना स्थल के आसपास के सीसीटीव्ही फूटेज देखने पर कार की पीछे वाली सीट से उतर कर गोली चलाने वाले व्यक्तियों की पहचान निक्की उर्फ रामसागर पिता मूलचंद राजवंशी उम्र 28 साल निवासी बालाजी मंदिर के पास गांधीनगर इटारसी एवं अमन जैन पिता अजय जैन उम्र 22 के रूप में की गयी। जिनको तत्काल थाना कोतवाली की गठित टीम द्वारा आरोपी निक्की को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर निक्की द्वारा बताया गया कि निक्की के बड़े भाई सुशील राजवंशी की हत्या तुलसीराम के लड़के सुरेन्द्र और उसके भाईयों के द्वारा की गयी थी। जिस संबंध में सुरेन्द्र की कोर्ट पेशी थी। इसीलिये निक्की और निक्की के दोस्त अमन जैन, संदीप मांझी पिता हरिशंकर मांझी उम्र 33 साल निवासी बुधनी स्वीफ्ट ड्रिजायर का चालक, नीरज उर्फ पप्पू तिवारी, निक्की का भांजा सूरज एंव उसके दोस्त के द्वारा सुरेन्द्र को जान से खत्म करने की योजना बनायी गई। निक्की के भांजे सूरज और उसके दोस्त सफेद कलर की फोर्ड कार से सुरेन्द्र की रैकी कोर्ट के आस पास घुमकर कर रहे थे तथा नीरज उर्फ पप्पू तिवारी कोर्ट के बाहर सुरेन्द्र की रैकी कर रहा था। करीब 02.30 बजे फरियादी सुरेन्द्र अपनी कार से गोरी सेठ की होटल के सामने कार से उतर कर मोबाईल पर बात कर रहा था तभी पीछे से स्वीफ्ट कार से निक्की और निक्की का दोस्त अमन, जो कि गाडी की पीछे वाली सीट पर बैठे थे तथा संदीप गाडी चला रहा था ने गाडी सुरेन्द्र के पास चलती गाड़ी से निक्की ने पीछे से गोली चलाई तथा आगे बढ गये फिर संदीप ने गाडी वापस पलटा कर गाडी सुरेन्द्र के पास खड़ी कर दी फिर निक्की और अमन ने गाडी से उतर कर पुनः कई गोलिया चलाई। निक्की, अमन, संदीप और निक्की का भांजा सूरज एवं उसका दोस्त अलग अलग गाडियो से शहर के बाहर चले गये। थाना कोतवाली नर्मदापुरम की गठित टीम द्वारा आरोपी अमन जैन एंव संदीप को गिरफ्तार किया गया।

## प्रियंका ने डॉक्टर बन किया शहर का नाम रोशन



**सोहागपुर, देशबन्धु।** विधानसभा सोहागपुर के अंतर्गत आने वाली तहसील माखननगर के ग्राम चौरहेट से प्रियंका चौधरी ने डॉक्टर बनकर अपने दादा मालक चौधरी पिता शैलेन्द्र चौधरी के सपनों को साकार किया है। उन्होंने गांधी मेडिकल कॉलेज (हमीदिया) भोपाल से एमबीबीएस की उपाधि प्राप्त की। पद्म श्री विभूषित डॉ. ज्ञान चतुर्वेदी और डॉ. एच.एस. त्रिवेदी के हाथों यह उपाधि प्रदान की गई। इस अवसर पर ग्रामीण और क्षेत्रवासियों ने प्रियंका और परिवारजनों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी।

वहीं प्रियंका की इस उपलब्धि उन्हें शुभकामनाएं देने वालों में दद्दू चौधरी, सुमन कुमार चौधरी, मिथलेश पटेल, राजकुमार चौधरी सरपंच चौराहेट, हरिओम पटेल सरपंच बोरना, शिवकुमार पटेल उमरखेड़ी के साथ समस्त क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाओं के साथ उज्वल भविष्य की कामना की हैं।

## खेलो एमपी यूथ गेम्स : चयन ट्रायल शुरु



**इटारसी देशबन्धु।** खेलो इंडिया यूथ गेम 2022 की तर्ज पर खेलो एमपी यूथ गेम्स 2023 का आयोजन मुख्यमंत्री की घोषणा के आधार पर संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण विभाग भोपाल, के निर्देशानुसार खेल एवं युवा कल्याण विभाग नर्मदा पुरम द्वारा खेलो एमपी यूथ गेम्स में 14 सितंबर 2023, तैराकी की चयन ट्रायल डॉल्फिन अकादमी बुधवाडा रोड में मध्य प्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा, सचिव जय वर्मा, जिला खेल अधिकारी उमा पटेल, आलोक राजपूत, प्रवीण मीणा, मार्तंड देशमुख, सतीश मेहरा ने चयन ट्रायल ली।

मलखंब का आयोजन आर्ष गुरुकुल विद्यालय / महाविद्यालय नर्मदापुरम में स्वामी जगददेव नैष्ठिक, आचार्य सत्यसिंधु आर्य, आचार्य धुरंधर, आचार्य दीपक आर्य ने 13 मलखंब खिलाड़ियों की चयन ट्रायल ली एवं ब्लॉक नर्मदापुरम के लिए जिला स्तर पर भाग लेने के लिए टीम तैयार कराई। इस अवसर पर ब्लॉक समन्वयक महेंद्र पचलानिया, आलोक राजपूत उपस्थित रहे। टेबल टेनिस विंध्य क्लब गुप्ता ग्राउंड नर्मदापुरम में एमके विश्वकर्मा, वीके वर्मा को अनिल सक्सेना टेबल टेनिस संघ ने चयन ट्राइल ली। सभी चयनित खिलाड़ी ब्लॉक नर्मदापुरम से जिला स्तरीय खेलो एमपी यूथ गेम्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। 15 सितंबर को हॉकी चयन ट्रायल टर्फ मैदान पर 3 पर जिला हॉकी संघ के सचिव कन्हैया गुरयानी, जयसिंह भदौरिया, पवन कुमार द्वारा दी जाएगी एवं फुटबॉल की चयन ट्रायल 3 बजे से पुलिस लाइन में फुटबॉल संघ के सचिव दीपक परदेसी एवं विजय पुरोहित द्वारा ली जाएगी, खो खो की चयन ट्रायल एसएनजी स्कूल के मैदान पर 11 बजे होगी।उपरोक्त सभी खेलों में बालक बालिका चयन ट्रायल के समय आयु प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड मध्य प्रदेश का मूल निवासी लेकर आवे। चयन ट्रायल में शहरी, ग्रामीण का कोई बंधन नहीं है जिले का विकासखंड का निवासी होना आवश्यक है। सभी खेलों की चयन स्पर्धा जिला खेल संघ द्वारा आयोजित कर चयन सूची बनाई जाएगी।

### हिंदी केवल भाषा नहीं एक संस्कृति है: श्रुति गोखले



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** हिंदी केवल संपर्क की भाषा मात्र नहीं है, यह एक संस्कृति है। यह बात प्राध्यापक श्रुति गोखले ने हिंदी दिवस के अवसर पर समेरिटंस हायर सेकंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमें दूसरी भाषाओं का भी ज्ञान प्राप्त करना चाहिए, लेकिन हिंदी का सम्मान अवश्य करना चाहिए। इसके पहले विद्यालय के विद्यार्थियों ने गीत, कविता प्रस्तुत की। छात्र भरत और सेजल को उनकी प्रस्तुति पर श्रुति गोखले ने नकद पुरस्कार भी दिया। कार्यक्रम को संस्था के निदेशक डा आशुतोष शर्मा ने भी संबोधित किया। प्राचार्य प्रेरणा रावत ने श्रुति गोखले का सम्मान शाल श्रीफल देकर किया। संस्था के हिंदी शिक्षकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन और आभार अंजू तिवारी ने व्यक्त किया।

## हिन्दी को आगे बढ़ाने किसी राजनैतिक वैशाखी की आवश्यकता नहीं

### हिंदी दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



**इटारसी देशबनधु।** शासकीय कन्या महाविद्यालय में उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश के निर्देशानुसार स्वतंत्रता के आजादी का अमृत महोत्सव पर हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में 'हिंदी भाषा का महत्व' विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी संकायों की छात्राओं ने सहभागिता की। हिंदी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. आरएस मेहरा ने कहा कि हिंदी भाषा की सहज स्वीकृति के कारण ही आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के निर्माण में नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार कार्य किया जा सका है। हिंदी विभाग प्रमुख तथा कार्यक्रम संयोजक डॉ. नेहा सिकरवार ने कहा कि हिंदी अपनी सरलता के कारण देश में सर्वाधिक बोली जाने वाली भाषा के स्थान पर स्थापित है। हिंदी को आगे बढ़ने के लिए किसी राजनीतिक वैशाखी की आवश्यकता नहीं है, लेकिन राष्ट्रभाषा का स्थान दिलाने के लिए राजनीतिक समर्थन की बहुत जरूरत है। अंग्रेजी विभाग प्रमुख डॉ. हरप्रीत रंधावा ने कहा कि हिंदी अपनी सीमाओं से बाहर आकर नई प्रौद्योगिकी और अंतरराष्ट्रीय संबंधों की भाषा बन रही है। प्राणीशास्त्र विभाग डॉ. संजय आर्य ने कहा कि हिंदी को विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी की भाषा बनाने से प्रदेश में आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सकारात्मक परिवर्तन आया है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समृद्ध भारत के असीमित ज्ञान का उपयोग एवं संवर्धन हिंदी भाषा को आत्मसात करने पर ही संभव है। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान दिव्यानी कटारे, द्वितीय स्थान श्रेया आरभी एवं तृतीय स्थान शिवानी यादव व काशिफ़ा खान ने प्राप्त किया। इस अवसर में डॉ. हरप्रीत रंधावा, श्रीमती मंजरी अवस्थी, स्नेहांशु सिंह, रविन्द्र चौरसिया, डॉ. संजय आर्य, डॉ. मुकेश विष्ट, डॉ. हर्षा शर्मा, डॉ. शिरीष परसाई, श्रीमती पूनम साहू. डॉ. श्रद्धा जैन, तरुणा तिवारी, हेमंत गोहिया, प्रिया कलोसिया, श्रीमती शोभा मीना, क्षमा वर्मा, करिश्मा कश्यप सहित सभी कार्यालय का स्टाफ उपस्थित रहा।

### पेसा एक्ट के संबंध में ग्रामीणों को दिया प्रशिक्षण



**नर्मदापुरम देशबनधु।** केसला में 09 सितंबर से 13 सितंबर तक पेसा एक्ट के संबंध में ग्रामीणों को प्रशिक्षण दिया गया। विकासखंड केसला के पांच सेक्टरों में सेक्टर स्तरीय मास्टर ट्रेनर द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रथम प्रशिक्षण 09 सितंबर को केसला सेक्टर में को दिया गया जिसमे 12 ग्राम पंचायत शामिल हुई। दूसरा प्रशिक्षण टांगना सेक्टर के तीखड़ में दिनाक 10 सितंबर को दिया गया, जिसमें 11 ग्राम पंचायत शामिल हुई। तृतीय प्रशिक्षण पथरौटा सेक्टर में 11 सितंबर को दिया गया। चतुर्थ प्रशिक्षण सेक्टर चोकीपुरा के सोमुखेडा 12 सितंबर में दिया गया। पांचवा प्रशिक्षण चारटेकरा सेक्टर के पिपरिईया खुर्द में दिया गया। आयोजित जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर वेंकट चिमानिया ने पेसा अधिनियम मे दिए गए अधिकार एवं ग्रामसभा व ग्राम पंचायत में मूल अंतर विषय पर ग्रामीणों को विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। पेसा जिला समन्वयक द्वारा ग्राम सभा के अधिकारों के बारे में बताया गया। मास्टर ट्रेनर सुमन द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया गया। आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मोबिलाइजर, रोजगार सहायक , सचिव, समाजसेवी आदि की सक्रिय भागीदारी रही।

## संभागीय स्तरीय प्राचार्य सम्मेलन का आगाज

**इटारसी देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 ऑर्डिनेंस फैक्ट्री इटारसी में केन्द्रीय विद्यालय संगठन भोपाल के संभाग स्तरीय तीन दिवसीय वार्षिक प्राचार्य सम्मेलन का आगाज हुआ। विद्यालय के नन्हे मुन्ने छात्रों ने तिलक लगाकर आगंतुक उच्च अधिकारियों, प्राचार्यों तथा अन्य अतिथि सदस्यों का स्वागत किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यालय उपायुक्त आर सेंथिल कुमार के साथ ही अन्य उच्च अधिकारियों ने मां शारदे के चरणों में दीप प्रज्वलन तथा केंद्रीय विद्यालय सीपीई इटारसी के छात्र-छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। सम्मेलन में उपायुक्त एवं क्षेत्रीय कार्यालय से पधारे सभी उच्च अधिकारियों का विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए प्राचार्यों ने स्वागत किया। केंद्रीय विद्यालय एसपीएम होशंगाबाद के नन्हे मुन्ने छात्रों द्वारा स्वागत गान की प्रस्तुति दी। सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे ने स्वागत भाषण में इटारसी की पहचान, अस्तित्व, भौगोलिक स्थिति एवं रास्ते के प्राकृतिक सौंदर्य तथा सम्मेलन शब्द का वास्तविक अर्थ स्पष्ट करते हुए सम्मेलन की वर्तमान कार्य सूची पर (शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय मुद्दे) विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विचार अच्छे रखिए शब्द आपके अपने आप महकेंगे। इसी के साथ सभी प्राचार्यों का औपचारिक परिचय एवं दसवीं तथा 12 वीं कक्षा बोर्ड परीक्षा 2022-23 के उत्कृष्ट परिणाम हेतु उपायुक्त ने विद्यालयों एवं शिक्षकों को प्रोत्साहन प्रमाण पत्र एवं ट्रॉफी प्रदान की। सहायक आयुक्त श्रीमती रानी डांगे ने विद्यालयों में निरीक्षण के दौरान स्वच्छ भारत स्वस्थ भारत से संबंधित वीडियो प्रोजेक्टर पर दिखाए। 14 सितंबर हिंदी दिवस एवं हिंदी पखवाड़ा का आगाज भी सहायक आयुक्त की कविता जब भी कमरे का दरवाजा खुलता है से हुआ। सहायक आयुक्त श्रीमती किरण मिश्रा ने राजभाषा की संवैधानिक स्थिति पर विस्तृत प्रकाश डाला। क्षेत्रीय कार्यालय भोपाल संभाग की राजभाषा अधिकारी श्रीमती गीतांजलि ने तिमाही प्रगति रिपोर्ट भरने एवं संसदीय निरीक्षण समिति प्रश्नावली की जानकारी देते हुए विद्यालय एवं कार्यालय में किस प्रकार राजभाषा हिंदी का प्रयोग दिनों- दिन प्रगति पर हों, सभी कार्य द्विभाषी हो आदि प्रमुख बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त आर सेंथिल कुमार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति- 2020 समस्त केंद्रीय विद्यालयों से क्या-क्या आकांक्षाएं रखती है, पर सूक्ष्मता से चर्चा की।



## तवा पर्यटन स्थल में गाइड प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

**नर्मदापुरम देशबनधु।** जिले में एक जिला एक उत्पाद के तहत पर्यटन संवर्धन एवं विस्तार के लिए विभिन्न प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी तारतम्य में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड के द्वारा संचालित महिलाओं हेतु सुरक्षित पर्यटन स्थल परियोजना के तहत जिला प्रशासन , जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद नर्मदापुरम के सहयोग से इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के द्वारा तवा पर्यटन स्थल में टूरिस्ट फैसिलिटेटर तथा गाइड प्रशिक्षण का शुभारंभ मंगल भवन तवा नगर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन थाना प्रभारी सुरभि बिलथरे, जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के परियोजना पर्यटन प्रबंधक मनोज सिंह ठाकुर के द्वारा किया गया। इंडियन ग्रामीण सर्विसेज के पचमढ़ी संकुल प्रमुख अर्चना दास ने बताया की मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड द्वारा प्रदेश के 50 पर्यटन स्थल पर विभिन्न प्रकार की कौशल वर्धन प्रशिक्षण महिलाओं को दिलाकर पर्यटन स्थल में रोजगार से जोड़ने के साथ-साथ पर्यटन स्थल को महिला पर्यटक के लिए अनुकूल बनाने की पहल की जा रही है, जिसके माध्यम से तवा एवं आसपास के ग्रामों की महिलाओ को प्रशिक्षण देकर रोजगार से जोड़ा जा रहा है। इसी उद्देश्य से एक महीने का टूरिस्ट फैसिलिटेटर प्रशिक्षण तवानगर के 15 महीलाओं को दिया जा रहा है। ताकि महिलाएं कैसे टूरिस्ट को तवानगर के टूरिस्ट प्वाइंट को अच्छे से प्रस्तुत कर सकेंगे। यह प्रशिक्षण हरेंद्र साहू कान्हा के नेचुरलिस्ट द्वारा दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण में इंडियन ग्रामीण सर्विसेज से संतोष कुमार कुमरे ,पीश्री हर्षिनी, शिखा टाटस्कर, मोनिका, शशि यादव, पूनम, आशा कहार, प्रियंका नागवंशी आदि उपस्थित रहे।

# लाड़ली बहनों के लिए एक और बड़ी खुशखबरी



## 1 सितम्बर से रसोई गैस सिलिंडर मिलेगा सिर्फ ₹450 में

## भैया शिवराज सिंह चौहान आज करेंगे सिलिंडर रीफिलिंग योजना का शुभारंभ

**15 सितम्बर 2023 | अपराह्न 3:00 बजे**
**साई हॉकी स्टेडियम, टीकमगढ़, मध्यप्रदेश**

"प्रिय लाड़ली बहनों, रक्षाबंधन के अवसर पर 27 अगस्त को मैंने आप सभी को वचन दिया था कि सावन के महीने में ₹ 450 में आप सभी को गैस सिलिंडर प्राप्त होगा। मैंने यह भी कहा था कि ₹ 450 में गैस सिलिंडर मेरी लाड़ली बहनों को मिले इसकी स्थायी व्यवस्था भी मेरी सरकार करेगी। मैंने वो वचन पूरा करते हुए इसके लिये योजना लागू कर दी है। आप सभी से अपील करता हूं कि इसके लिए बहनें आवेदन भरें ताकि पोर्टल पर पंजीयन हो सके।"

शिवराज सिंह चौहान

### पात्रता

- ऐसी बहनों को पात्रता होगी जो पूर्व से गैस कनेक्शनधारी हों।
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना लाभार्थी बहनें भी पात्र होंगी।

### पंजीयन

- मुख्यमंत्री लाड़ली बहना पोर्टल पर पंजीयन होगा।
- केवल दो दस्तावेज आवश्यक होंगे, एलपीजी कनेक्शन आईडी एवं समग्र आईडी।
- पंजीयन उन सभी केंद्रों पर, जहां लाड़ली बहना योजना का पंजीयन होता है, किया जायेगा।
- शासन ऑयल कंपनी से पात्र बहनों की जानकारी प्राप्त कर, उसका प्रदर्शन 25 सितम्बर को उक्त पोर्टल पर करेगा।
- बहनों की समस्या निराकरण हेतु 'शिकायत निवारण एप्लीकेशन' भी उपलब्ध होगी।

### अनुदान राशि

- पात्रताधारी बहनों को प्रतिमाह अधिकतम एक रीफिल पर अनुदान।
- लाड़ली बहनें ऑयल कम्पनी से कम्पनी की दर पर गैस रीफिल करायेंगी। ₹450 से ऊपर की राशि बहनों के बैंक खाते में रीफंड की जायेगी।
- सावन माह, 4 जुलाई से 31 अगस्त तक गैस रीफिल कराने वाली बहनों को भी अनुदान उनके बैंक खातों में दिया जायेगा।




सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

सशस्त्र सेना झण्डा दिवस निधि मध्यप्रदेश में दान दें

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी D-11103/23 आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।